वार्षिक प्रतिवेदन
2014–15

"It is education which is the right weapon to cut the social slavery and it is education which will enlighten the downtrodden masses to come up and gain social status, economic betterment and political freedom."

Dr BR Ambedkar

Ambedkar University Delhi

Ambedkar University Delhi
Annual Report 2014-15

Published by
The Registrar
Ambedkar University Delhi
Lothian Road, Kashmere Gate, New Delhi-110 006

Designed & Printed at
Amar Ujala Publications Limited
C-21, Sector-59, Noida-201301
Website: www.amarujala.com

अंतर्वस्तु

विश्वविद्यालय	5
विश्वविद्यालय की अध्ययनशालाएँ	22
विश्वविद्यालय के केन्द्र	71
एयूडी की अंतरराष्ट्रीय सहभागिता/साझेदारियाँ	95
प्रकाशन	98
विश्वविद्यालय के छात्र	108
विश्वविद्यालय की भौतिक परिसम्पत्तियाँ	112
परिशिष्ट	120

विश्वविद्यालय

अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली (एयूडी), राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली सरकार द्वारा 2007 में पारित विधानमंडल के अधिनियम द्वारा स्थापित किया गया। इसे जुलाई 2008 में अधिसूचित किया गया। डॉ० अम्बेडकर के विचारों समानता और सामाजिक न्याय सम्बन्धी निदेशन से प्रेरित यह विश्वविद्यालय समाज विज्ञान, मानविकी में शोध और अध्यापन को केन्द्र में रखते हुए अध्यादेशित है। एयूडी उच्च शिक्षा तक पहुँच एवम् सफलता के बीच सतत् और प्रभावी संपर्क निर्धारित करने को अपना लक्ष्य समझता है। एयूडी मानवता, गैर–पद्सोपानीकरण, सामूहिक कार्य और सृजनात्मकता को परिपोषित करने के लिये प्रतिबद्ध है। वर्तमान में यह कश्मीरी गेट में लोथियान रोड पर स्थित परिसर से अपने सभी कार्य संचालित कर रहा है। इस परिसर को यह गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय एवं इंदिरा गाँधी महिला तकनीकी विश्वविद्यालय दिल्ली के साथ बांटता है।

राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार के उच्च शिक्षा विभाग ने एयूडी को परिसर– निर्माण के लिए दो स्थानों पर भूमि प्रदान की है। इसमें से एक रोहिणी सेक्टर–3 (7.02 हक्टेयर) में और दूसरी धीरपुर फेज–1 (20 हक्टेयर) में स्थित है। दोनों स्थानों पर परिसर बनाने का कार्य जारी है।

सभी अकादमिक गतिविधियों को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ने अध्ययनशालाओं एवं केन्द्रों के साथ विकेंद्रीकृत संरचना को अपनाया है। इसने अपने अध्ययनशालाओं, केन्द्रों एवं कार्यक्रमों की कल्पना नयी संभावनाओं को तलाशने के लिए की है। इन संभावनाओं को आकार देने के लिए इन्होनें एक ऐसे प्रारूप को अपनाया है जो अंतर्विषयक पद्धतियों के साथ अनिवार्य रूप से कार्य करें। साथ ही अध्ययनशाला की अवधारणा को इस प्रकार से निरुपित किया गया है कि इसका प्रत्येक कार्यक्रम अंतर्विषयक रूप में संरचित हो। हालाँकि अध्ययन एवं अनुसंधान केन्द्रों की संकल्पना शोध परियोजना, अधिवक्तृत्व नीति, प्रशिक्षण, अभियन्त्रीकरण और गृह–कार्य समाशोधन के अनुरुप की गयी है ताकि समकालीन महत्त्व के क्षेत्रों को और अधिक बढ़ावा मिल सके।

संकल्पना

विश्वविद्यालय ललित कलाओं, मानविकी और समाज विज्ञानों पर विशेष ध्यान के साथ उच्चतर शिक्षा में अध्ययनों, शोधों और विस्तार कार्य को बढ़ावा देने के प्रति प्रतिबद्ध है। यह समाज के स्थायित्व और समाज के विसंतुलन के कारकों का विश्लेषण करना और इसका पता लगाना चाहता है कि सामाजिक विकास किस प्रकार एक ऐसे परिवार का मार्ग प्रशस्त कर सकता है जिसमें लोग अपना पूर्ण मानवीय विभव प्राप्त कर सकें।

दर्शन

समता, सामाजिक न्याय व उच्च गुणवत्ता अम्बेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के दर्शन और मूल्यों के सुदृढ़ आधार का निर्माण करते हैं। एक सार्वजनिक संस्थान के रूप में, एयूडी स्वयं को सामाजिक परिवर्तन के उपकरण के रूप में देखता है और सभ्य (सिविल) समाज व राज्य के अंतराफलक पर सामाजिक क्रियाकलाप पर ध्यान देता है।

लक्ष्य

विश्वविद्यालय सामाजिक विज्ञानों और मानविकी में उच्चतर शिक्षा की उच्च गुणवत्ता के प्रति प्रयासरत है। उच्चतर शिक्षा की सुविधा और सफलता के बीच एक स्थायी और प्रभावशील कड़ी का निर्माण करना एयूडी का मुख्य लक्ष्य है। एयूडी मानववाद, गैर–सोपानिकता और महाविद्यालयीय कार्यकलाप, सामूहिक कार्य और सृजनात्मकता के पोषण से द्योतित सांस्थानिक संस्कृति के सृजन के प्रति प्रतिबद्ध है।

उद्देश्य

विश्वविद्यालय को ललित कलाओं, मानविकी और समाज विज्ञान पर ध्यान के साथ उच्च गुणवत्तापूर्ण व्यापक उच्चतर शिक्षा विकसित और प्रदान करने का दायित्व सौंपा गया है। इसे दूरस्थ और सतत् शिक्षा के संचालन का अधिदेश दिया गया है। उच्च गुणवत्ता का पालन करने वाले किसी अन्य विश्वविद्यालय की तरह, इससे भी उन्नत अध्ययनों का आयोजन करने और शोध को बढ़ावा देने, व्याखानमालाओं, परिसंवादों, संगोष्ठियों, कार्यशालाओं और सम्मेलनों का आयोजन करते हुए ज्ञान व कार्य प्रक्रियाओं का वितरण करने और भारत व अन्य देशों में उच्चतर शिक्षण एवं शोध संस्थाओं से

संपर्क करने की अपेक्षा की जाती है। इससे शोध विनंबंधों, प्रबंधों, पुस्तकों, प्रतिवेदनों और पत्रिकाओं के प्रकाशन की अपेक्षा जाती है। उद्देश्यों को विस्तार देने के साथ ही, इससे सांस्कृतिक और नैतिक मूल्यों को बढ़ावा देने की अपेक्षा भी की जाती है।

शैक्षिक संरचना

एयूडी की एक संकाय (प्राध्यापक वर्ग) संरचना है जिसमें पूर्णकालिक, नियमित, मुख्य प्राध्यापक और अंशकालिक, अतिरिक्त, अतिथि और मानद प्राध्यापकों का प्रावधान है। इस विस्तृत प्राध्यापक–वर्ग में शिक्षण सहायकों के रूप में वरिष्ठ स्नातकोत्तर एवं शोध छात्र भी शामिल हैं। विश्वविद्यालय की शिक्षा कार्मिक नीति इसकी योजना अभिव्यक्ति में उल्लिखित सरोकारों को कई भारतीय विश्वविद्यालयों की संरचनाओं एवं प्रक्रियाओं की तुलना में अधिक प्रभावशाली ढंग से परिलक्षित करने हेतु तैयार की गई है। अपने सभी कार्मिकों में साझा शासन की भावना को प्रोत्साहित करने और विश्वविद्यालय के बीजीय मूल्यों और दर्शन को बल और स्थायित्व प्रदान करने वाली कार्य संस्कृति को बढ़ावा देने हेतु यह सुनिश्चित करना विश्वविद्यालय का कार्य होगा कि कार्यकलापों का संचालन एक पारदर्शी, क्रमबद्ध, समुचित एवं न्यायसम्मत ढंग से हो। आरक्षणों के लिए संविधान में अधिदेशित प्रावधानों–उपबंधों का पालन करते हुए, यह सभी के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने, और विशेष रूप से बहाली में लैंगिक–संवेदनशीलता की एक अग्र–सक्रिय नीति लागू करने का प्रयास भी करेगा।

विश्वविद्यालय का शासन

विश्वविद्यालय प्राधिकारियों को संगठनात्मक ढांचा



* प्रस्तावित

निर्णायक मंडल के सदस्य

श्री नजीब जंग, कुलाधिपति
प्रोफेसर श्याम बी मेनन, कुलपति
प्रोफेसर एसआर हाशिम, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
डॉ. किरण कार्णिक, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
प्रोफेसर दीपक नय्यर, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
प्रोफेसर के सच्चिदानंदन, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
न्यायमूर्ति लीला सेठ, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
प्रधान सचिव, वित्त, जीएनसीटीडी
सचिव, उच्चतर शिक्षा एवं टीटीई, जीएनसीटीडी
सचिव, कला और संस्कृति, जीएनसीटीडी
प्रोफेसर उमेश राय, प्रतिनिधि, यूजीसी
श्री राजीव काले, कुल सचिव, गुरु गोबिंद सिंह इंद्रप्रस्थ विश्वविद्यालय
प्रोफेसर जतिन भट्ट, कुल सचिव (कार्यवाहक) एवं सचिव, निर्णायक मंडल

विश्वविद्यालय का संगठनात्मक ढांचा



*प्रस्तावित

प्रबंधन मंडल के सदस्य

प्रोफेसर श्याम बी मेनन, कुलपति
प्रोफेसर अर्मेती देसाई, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
प्रोफेसर एनआर माधव मेनन, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
डॉ. किरण दातार, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
प्रोफेसर कुरियाकोस ममकूट्टम, कुलपति द्वारा नामित
प्रोफेसर चंदन मुखर्जी, कुलपति द्वारा नामित
प्रोफेसर अशोक नागपाल, कुलपति द्वारा नामित
प्रधान सचिव, वित्त, जीएनसीटीडी
सचिव, उच्चतर शिक्षा एवं टीटीई, जीएनसीटीडी
प्रोफेसर जतिन भट्ट, कुल सचिव (कार्यवाहक) एवं सचिव, प्रबंधन मंडल

अकादमिक परिषद् के सदस्य (एसी)

प्रोफेसर श्याम बी मेनन, कुलपति
प्रोफेसर अशोक चटर्जी, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
प्रोफेसर के रामचंद्रन, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
डॉ राजा मोहन, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
डॉ. मैथ्यू वर्गीस, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
डॉ. अनुराधा कपूर, जीएनसीटीडी द्वारा नामित
प्रोफेसर एके शर्मा, यूजीसी द्वारा नामित
प्रोफेसर अशोक नागपाल, कुलपति द्वारा नामित
प्रोफेसर डेनिस पी , कुलपति लेइटन द्वारा नामित
प्रोफेसर गीता वेंकटरमन, कुलपति द्वारा नामित
संकायाध्यक्ष, व्यवसाय अध्ययनशाला, सार्वजनिक नीति और सामाजिक उद्यमिता
संकायाध्यक्ष, संस्कृति एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययनशाला
संकायाध्यक्ष, विकास अध्ययन अध्ययनशाला
संकायाध्यक्ष, डिजाइन अध्ययनशाला
संकायाध्यक्ष, शिक्षा अध्ययन, अध्ययनशाला

संकायाध्यक्ष, मानव पारिस्थितिकी अध्ययनशाला
संकायाध्यक्ष, मानव अध्ययन, अध्ययनशाला
संकायाध्यक्ष, ललित कला अध्ययनशाला
संकायाध्यक्ष, स्नातक अध्ययनशाला
डॉ. सुमंगला दामोदरन, कुलपति द्वारा नामित
डॉ. प्रवीण सिंह, कुलपति द्वारा नामित
प्रोफेसर सलिल मिश्र, संकायाध्यक्ष, अकादमिक सेवाएँ एवं समन्वयक, अकादमिक परिषद्
प्रोफेसर जतिन भट्ट, कुल सचिव (कार्यवाहक) एवं सचिव, अकादमिक परिषद्

वित्त समिति के सदस्य (एफसी)

प्रोफेसर श्याम बी मेनन, कुलपति
सचिव, उच्चतर शिक्षा एवं टीटीई विभाग, जीएनसीटीडी
प्रधान सचिव, वित्त विभाग, जीएनसीटीडी
डॉ. किरण दातार, प्रबंधन बोर्ड द्वारा नामित
प्रोफेसर चंदन मुखर्जी, प्रबंधन के नामित बोर्ड
वित्त नियंत्रक, पदेन सदस्येतर सचिव

स्थाापना समिति के सदस्य (ईसी)

प्रोफेसर श्याम बी मेनन, कुलपति
डॉ. किरण दातार, प्रबंधन बोर्ड द्वारा नामित
प्रोफेसर अशोक नागपाल, कुलपति द्वारा नामित
प्रोफेसर चंदन मुखर्जी, कुलपति द्वारा नामित
प्रोफेसर जतिन भट्ट, कुल सचिव (कार्यवाहक) एवं सचिव, स्थापना समिति

सांविधिक निकायों/प्राधिकारियों की बैठक

निर्णायक मंडल की चौथी बैठक	18.12.2014
प्रबंधन मंडल की 16वीं बैठक	04.04.2014
प्रबंधन मंडल की 17वीं बैठक	07.10.2014
अकादमिक परिषद् की 6ठी बैठक	24.06.2014
वित्त समिति की 11वीं बैठक	21.07.2014
स्थापना समिति की 11वीं बैठक	04.07.2014
स्थापना समिति की 12वीं बैठक	15.12.2014

अध्ययन मंडल

विश्वविद्यालय ने निम्नलिखित अध्ययनशालाओं के लिए अध्ययन मंडल का गठन किया है:

- व्यवसाय, सार्वजनिक नीति और सामाजिक उद्यमिता अध्ययनशाला
- संस्कृति एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययनशाला
- डिजाइन अध्ययनशाला
- विकास अध्ययनशाला
- शैक्षिक अध्ययनशाला
- मानव पारिस्थितिकी अध्ययनशाला
- मानव अध्ययनशाला
- ललित अध्ययनशाला
- स्नातक अध्ययनशाला

अध्ययनशाला एवं केंद्र

विश्वविद्यालय में विस्तृत स्तर पर अध्ययनशाला और केंद्रों का गठन किया गया है। यह शिक्षा और व्यावसायिक विशेषज्ञताओं पर ध्यान देता है जो हमारे संदर्भ में सार्थक हैं और फिर भी देश के अन्य विश्वविद्यालय इन हिस्सों पर पर्याप्त बल नहीं देते।

एयूडी में संप्रति नौ अध्ययनशालाएं हैं, जहाँ समाज विज्ञान, कला, मानविकी, गणित विज्ञान और ललित कला अध्ययन में स्नातक, स्नातकोत्तर और शोध कार्यक्रमों की शिक्षा का प्रावधान है। ये अध्ययनशाला इस प्रकार हैं :

- व्यवसाय, लोक नीति एवं सामाजिक उद्यमिता अध्ययनशाला
- संस्कृति एवं सर्जनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययनशाला
- डिजाइन अध्ययनशाला
- विकास अध्ययनशाला
- शिक्षा अध्ययनशाला
- मानव पारिस्थितिकी अध्ययनशाला
- मानव अध्ययनशाला
- ललित अध्ययनशाला
- स्नातक अध्ययनशाला

अल्प ज्ञात अथवा उपेक्षित क्षेत्रों शोध व ज्ञान के प्रसार को सरल करने हेतु विश्वविद्यालय ने कई केंद्रों की स्थापना की है। एयूडी के केंद्र परियोजना आधारित शोध, नीति प्रतिपालन, क्षमता–निर्माण और समुदाय के साथ संपर्क–तंत्र के लिए विशिष्ट स्थलों के रूप में जाने जाते हैं। एयूडी में संप्रति निम्नलिखित केंद्र कार्यरत हैं :

- सामुदायिक शिक्षा केंद्र
- विकास प्रणाली केंद्र
- शिशु शिक्षा एवं विकास केंद्र
- मनोचिकित्सा एवं नैदानिक शोध केंद्र
- प्रकाशन केंद्र
- समाज विज्ञान शोध प्रणाली केंद्र

इन अध्ययनशालाओं एवं केंद्रों में स्नातक के सात, स्नातकोत्तर के सत्रह, स्नातकोत्तर डिप्लोमा के दो, एम फिल के पाँच और पीएच.डी. के नौ कार्यक्रमों का प्रावधान है।

नामांकन प्रक्रिया

बीए एवं एमए कार्यक्रमों के नामांकन की प्रक्रिया मई–जून में और एम फिल व पीएच.डी. की जुलाई–अगस्त में आरंभ होती है।

सीटों का आरक्षण

सभी नामांकनों में टीएच, यूएलएचवीएचएमएच के आरक्षण के मानकों का पालन किया जाता है।

विदेशी छात्रों का नामांकन

प्रत्येक कार्यक्रम में विदेशी छात्रों के लिए कुछ सीटें आरक्षित हैं।

शुल्क

एयूडी के एक कार्यक्रम से दूसरे कार्यक्रम की शुल्क संरचना में अंतर होता है। शुल्क सीमा प्रति शाख 1000/– रुपये से 2000/– रुपये के बीच होता है। इसके अतिरिक्त, छात्र कल्याण कोष हेतु 500/– रुपये प्रति सत्र और नामांकन के समय जमानती राशि के रूप में 500/– रुपये की एक प्रतिदेय राशि ली जाती है।

शुल्क माफी एवं छात्रवृत्तियाँ

छात्रों की आर्थिक पृष्ठभूमि के मद्देनजर विश्वविद्यालय में जरूरतमंद छात्रों की सहायता के लिए शुल्क की पूर्ण माफी अथवा आंशिक शुल्क का प्रावधान है। छात्रों से लिए गए शुल्क का बीस प्रतिशत अधित्याग और छात्रवृत्तियों के रूप में आर्थिक रूप से वंचित छात्रों को वापस कर दिया जाता है। इस शैक्षणिक वर्ष में कई छात्रों को शुल्क में माफी दी गई है, इनमें ज्यादातर पूर्ण शुल्क की माफी है।

छात्रों का चयन

योग्यता मानदंड और चयन प्रक्रियाएँ कार्यक्रम पर निर्भर करती हैं। बीए कार्यक्रमों के लिए छात्रों का चयन मेधा (योग्यता) पर और एमए, एम फिल तथा पीएच.डी. कार्यक्रमों के लिए चयन लिखित परीक्षा व साक्षात्कार के आधार पर होता है।

द्वितीयक (पूरक/आनुषंगिक) प्रवेश समिति

यह समिति अध्ययन के किसी कार्यक्रम में पूरक (आनुषंगिक) प्रवेश की प्रक्रिया को सरल बनाती है।

छात्र कल्याण कोष

छात्रों के कल्याण से जुड़ी विभिन्न जरूरतों, जैसे आकस्मिक चिकित्सा सहायता, पुस्तकों और अध्ययन सामग्री की खरीद, एयूडी की छात्रावास सुविधाओं की राशि के समतुल्य भोजन एवं आवास व्यय और छात्रों की किसी भी अन्य तुल्य जरूरत को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय में एक छात्र कल्याण कोष का गठन किया गया है।

छात्रों से प्रति सत्र 500/– रुपये की राशि ली जाती है और इतनी ही राशि का योगदान विश्वविद्यालय भी करता है। कोष का प्रबंध और निगरानी एक समिति करती है, जिसमें छात्र समुदाय का एक नामित छात्र शामिल होता है।

शुल्क संरचना और छूटों के जरिए, एयूडी अपने छात्रों के बीच समाज के प्रति संवेदनशीलता का संचार करता है ताकि उनके विशेषाधिकारों का सम्मान हो तथा वे भविष्य में अपनी व्यावसायिक क्षमताओं का समाज को योगदान दे सकें।

छात्रावास सुविधाएँ

पुरुष छात्रावास

एयूडी के पुरुष छात्रों के लिए छात्रावास की वर्तमान में कोई सुविधा नहीं है।

महिला छात्रावास

छात्राओं के लिए एयूडी को आइजीडीटीयूडब्ल्यू के ईस्ट हॉस्टल का 45 छात्रों की क्षमता वाला ऊपरी तल दिया गया है। इस छात्रावास की देखरेख आइजीडीटीयूडब्ल्यू के वॉर्डेन करते हैं।

शैक्षिक वर्ष 2014–15 के दौरान, इस छात्रावास में 44 छात्राओं का दाखिला किया गया था। सीटों के आवंटन में आरक्षण नीति का दृढ़ता से पालन किया गया।

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के जिन योग्य छात्राओं ने छात्रावास के लिए आवेदन किया था, उन्हें यह सुविधा दी गई। किंतु, इस वर्ग की छात्राओं की अनुपलब्धता की स्थिति में सीटें सामान्य वर्ग की छात्राओं को प्रदान की गईं। वर्ग–वार छात्रों को सीटों के वितरण का विवरण इस प्रकार है :

वर्ग	संख्या
सामान्य	27
अनुसूचित जाति	05
अनुसूचित जनजाति	10
अन्य पिछड़ा वर्ग	02

रैगिंग–रोधी प्रणाली

सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशानुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा निर्मित रैगिंग–रोधी विनियमों के अनुरूप, विश्वविद्यालय ने एक रैगिंग–रोधी समिति और एक रैगिंग–रोध दस्ते का गठन किया। इसका विस्तृत विवरण नीचे प्रस्तुत है।

रैगिंग—रोधी समिति

नाम	पद नाम	ई—मेल आइडी
जतिन भट्ट	कुल सचिव (कार्यवाहक) अध्यक्ष	*registrar@aud.ac.in*
हनी ओबेरॉय वहाली	प्रोफेसर एवं डीन, एसएचएस	*honey@aud.ac.in*
सलिल मिश्र	प्रोफेसर	*salil@aud.ac.in*
कर्तिक दवे	सहयोगी प्रोफेसर	*kartik@aud.ac.in*
बेनिल विश्वास	सहायक प्रोफेसर	*benil@aud.ac.in*

रैगिंग—रोधी दस्ता

नाम	पद नाम	ई—मेल आइडी
अस्मिता काबरा	डीन, एसएचई	*asmita@aud.ac.in*
सुचित्रा बालासुब्रह्मण्यम	सहयोगी प्रोफेसर	*suchitra@aud.ac.in*
गोपालजी प्रधान	सहयोगी प्रोफेसर	*gopalji@aud.ac.in*
धीरेंद्र दत्त डंगवाल	सहयोगी प्रोफेसर	*dhirendra@aud.ac.in*
के वैलेंटिना	सहायक प्रोफेसर	*valentina@aud.ac.in*
मनीष जैन	सहायक प्रोफेसर	*manish@aud.ac.in*
ममता करोलिल	सहायक प्रोफेसर	*mamatha@aud.ac.in*
बेनिल विश्वास	सहायक प्रोफेसर	*benil@aud.ac.in*
नीतू सरीन	सहायक प्रोफेसर	*neetu@aud.ac.in*
तनुजा कोठियाल	सहायक प्रोफेसर एवं वार्डेन	*tanuja@aud.ac.in*

मानव संसाधन विभाग

एयूडी प्रशासन के एक सीधे और सरल ढाँचे का पालन करता है। विश्वविद्यालय में कर्मचारी वर्ग की संरचना और कर्मचारियों की नियुक्ति के मानक विभागों में सोपानों एवं

तलों की बजाय कार्य एवं परिणाम उन्मुखी हैं। ज्यादातर कर्मचारियों से बहुविध कार्यों में प्रशिक्षित होने की अपेक्षा की जाती है। विश्वविद्यालय वरिष्ठ वर्ग की अपनी अधिकांश नियुक्तियों के लिए कार्यकाल नियत रखने का प्रयास करता है। दो–तिहाई नियुक्तियाँ संविदात्मक अथवा प्रतिनियुक्ति के आधार पर और सभी स्तरों पर कम से कम एक–तिहाई नियुक्तियाँ नियमित करने का विचार है। प्रशासनिक संरचना के प्रति विश्वविद्यालय की नीतियों और पदों की समीक्षा सामान्यतः तीन वर्षों में एक बार की जाती है।

आरटीआई सूचना के पदाधिकारी

प्रथम अपीलीय प्राधिकारी एवं सार्वजनिक सूचना पदाधिकारी इस प्रकार हैं :

प्रथम अपीलीय प्राधिकारी	:	जतिन भट्ट, कुल सचिव (कार्यवाहक)
सार्वजनिक सूचना पदाधिकारी	:	पुनीत गोयल, सहायक कुल सचिव (योजना)
संपर्क पदाधिकारी	:	डायमंड ओबेरॉय वहाली, सहयोगी प्रोफेसर, एसएलएस

अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के लिए संपर्क पदाधिकारी

विश्वविद्यालय में नियुक्तियों एवं प्रवेशों में अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के हित में आरक्षण नीति के प्रभावशील क्रियान्वयन हेतु, एयूडी में एसएलएस के सहयोगी प्रोफेसर डायमंड ओबेरॉय वहाली को नामित किया गया है।

पाठ्येतर गतिविधियाँ

महाविद्यालयों में छात्रों के सांस्कृतिक एवं पाठ्येतर जीवन को समृद्ध करने के ध्येय से एयूडी में कतिपय छात्र सभाओं/मंचों का गठन किया गया है। छात्र रंगमंच, खेल–कूद, वाद–विवाद में और साहित्य सभा के साथ सक्रियता से भाग लेते हैं। अर्थशास्त्र सभा और दृश्य संस्कृति भी सक्रिय हैं। छात्रों के लिए नियमित रूप से वार्ताओं, व्याख्यानों, प्रदर्शनों एवं अभिनय प्रस्तुतियों का आयोजन किया गया।

एयूडी / सिटी 2014

वर्ष 2011 से एयूडी / सिटी 2014 नामक अंतर–विश्वविद्यालय उत्सव का आयोजन किया जा रहा है। समस्त दिल्ली के छात्र रंगमंच, रंगोली, चित्रकला, नृत्य, वाद–विवाद, फोटाग्राफी, प्रश्नोत्तरी, शोध प्रस्तुति आदि की प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं। इन कार्यक्रमों में बहु–व्यंजनी भोजन के स्टॉल इनकी शोभा को और बढ़ा देते हैं।

स्पोर्ट्स / एयूडी

एयूडी के जीवन के वार्षिक आकर्षणों के रूप क्रीड़ा समिति खेल–कूद कार्यक्रमों की एक श्रृंखला तैयार कर रही है। क्रीड़ा समिति छात्रों के साथ कार्य करती है जो खेल–कूद कार्यक्रमों की योजना और आयोजन में सक्रियता से भाग लेते हैं। क्रीड़ा समिति की सामान्य सभा क्रीड़ा मंडल में एयूडी के विभिन्न अध्ययनशालों से निर्वाचित छात्र सदस्यों को प्रतिनिधि के रूप में शामिल किया जाता है। खेल–कूद गतिविधियों में सहायता करने, छात्रों को प्रशिक्षण देने और एयूडी का प्रतिनिधित्व करने हेतु छात्रों का चयन करन के लिए एयूडी पेशेवर प्रशिक्षकों की एक सूची भी तैयार कर रहा है।

करिअर प्रकोष्ठ

एयूडी जीवन चर्या (करिअर) प्रकोष्ठ (एयूडीसीसी) की स्थापना छात्रों और बाहरी विश्व के बीच अन्योन्य क्रिया हेतु की गई है। एयूडीसीसी छात्रों को प्रशिक्षण देने वाली विभिन्न संस्थाओं की पहचान, और छात्रों के विभिन्न हितों के अनुरूप, छात्र एवं इन संस्थाओं के बीच संपर्क सूत्र का कार्य करता है।

पूर्व छात्र संस्था

यद्यपि कुछ अध्ययनशालाओं/कार्यक्रमों ने भूतपूर्व छात्रों के लिए अपने स्तर पर संगठन बना दिये हैं, फिर भी एयूडी एक विश्वविद्यालय–व्यापी पूर्व छात्र संगठन की स्थापना की तैयारी कर रहा है।

छात्र गतिविधियाँ

भाषा प्रकोष्ठ

हालाँकि एयूडी में अध्यापन का माध्यम अंग्रेजी है, फिर भी एयूडी के विभिन्न कार्यक्रमों में विभिन्न भाषा–भाषी छात्रों को प्रवेश हेतु आवेदन के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। छात्रों के उनके अंग्रेजी में पठन, लेखन एवं बोध कौशलों में सुधार में सहायता हेतु एक भाषा प्रकोष्ठ का गठन किया गया है।

परामर्श (संरक्षण) एवं सलाह

एयूडी का लक्ष्य छात्रों को उनकी पृष्ठभूमि के परे न केवल उच्चतर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुलभ कराना है बल्कि यह देखना भी है कि सभी छात्र उच्चतर शिक्षा की प्रक्रियाओं से सरलता एवं सफलतापूर्वक अवगत हों। विश्वविद्यालय प्रत्येक छात्र/छात्रा के विश्वविद्यालय के शैक्षिक एवं सामाजिक विस्तार में पड़ावों की तलाश में संघर्ष करने में उसकी सहायता का प्रयास करता है। इसे सुकर करने हेतु विश्वविद्यालय में परामर्श एवं सलाह की एक प्रणाली का गठन किया गया है।

छात्र प्रकोष्ठ

छात्र प्रकोष्ठ छात्र सेवाओं एवं छात्रों के बीच एक संपर्क सूत्र के रूप में काम करता है। यह छात्रों के समक्ष आने वाली कठिनाइयों को दूर करने में उनकी सहायता करता है और हर संभव तरीके से उन्हें सहायता उपलब्ध कराता है।

व्यवसाय, लोक नीति (सार्वजनिक नीति) एवं सामाजिक उद्यमिता अध्ययनशाला

एसबीपीपीएसई की स्थापना शोध एवं व्यावसायिक शिक्षा तथा प्रबंधन, लोक नीति व सामाजिक उद्यमिता में प्रशिक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई है। एसबीपीपीएसई का प्रयास समाज व अर्थव्यवस्था के बृहत्तर संदर्भ के भीतर व्यवसाय एवं लाभ की एक सर्वांगीण पद्धति का विकास करना है। अध्ययनशाला जुलाई 2012 से व्यवसाय प्रबंधन में दो वर्ष का (पूर्णकालिक) स्नातकोत्तर (एमबीए) और वर्ष 2014 से सामाजिक उद्यमिता में दो वर्ष का (पूर्णकालिक) स्नातकोत्तर (एमएएसई) का कार्यक्रम प्रदान कर रहा है। वर्ष 2013 से अध्ययनशाला प्रकाशन में एक वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पीजीडीपी) का कार्यक्रम भी प्रदान कर रहा है। अध्ययनशाला ने एयूडी आरंभन, नवाचार एवं उद्यमिता केंद्र की स्थापना की पहल शुरू की है जो कंपनी अधिनियम (2013) के तहत एक लाभ निरपेक्ष कंपनी के रूप में गठन की प्रक्रिया में है।

एमबीए (दो–वर्षीय, पूर्णकालिक)

दो–वर्षीय (पूर्णकालिक) एमबीए कार्यक्रम का अभिप्रेत भविष्य के प्रबंधकों को व्यावसायिक शिक्षा देना, इस कार्य में पहले से ही रत कार्मिकों के ज्ञान एवं कौशलों का उत्थान व नवीकरण करना और नए उद्यम आरंभ करने हेतु भागीदारों में ज्ञान एवं कौशलों का विकास करना है। कार्यक्रम धन प्रबंधन के साथ–साथ धन सृजन पर ध्यान केंद्रित करता है। कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व के सरोकारों को पूरा करने हेतु भविष्य/वर्तमान के प्रबंधकों को ज्ञान और पेशा जन्य कौशल प्रदान करते हुए कार्यक्रम बृहत्तर सामाजिक–आर्थिक सरोकारों के प्रति संवेदनशीलता, उद्यम संरचना (और रोजगार सृजन) के महत्व पर जागरूकता का संचार करने का प्रयास करता है।

दो वर्षीय (पूर्णकालिक) एमबीए कार्यक्रम का पाठ्यक्रम नवोन्मेषी पाठ्यक्रम संरचना पर आधारित है, जिसमें प्रबंधन शिक्षा में नवीनतम विकासक्रम को शामिल किया गया है।

नवीन प्रबंधन के सभी सिद्धांत और अवधारणाएँ प्रदान करते समय, एमबीए कार्यक्रम की विशिष्टता बृहत्तर समाज एवं अर्थव्यवस्था के समग्र संदर्भ के भीतर व्यवसाय एवं लाभ के प्रति उसका आग्रह है। पाठ्यक्रम की रूपरेखा छात्रों के आसपास के जगत के प्रति उनकी सोच, कार्य एवं समझ में मूलभूत परिवर्तन लाने के ध्येय से तैयार की गई है। सैद्धांतिक अवधारणाओं की शिक्षा और अनुप्रयोग कौशलों का एक वातावरण तैयार करने के अतिरिक्त, कार्यक्रम व्यावहारिक कौशलों (लौकि कौशल) के महत्व पर ध्यान देता है।

ग्रीष्मावकाश के दौरान, छात्रों को 8 से 10 सप्ताह का एक प्रशिक्षण दिया जाता है। शिक्षक वर्ग के सदस्यों के मार्गदर्शन में किसी विषय पर छात्र जो अनुभवमूलक शोध शुरू करते हैं उस पर आधारित एक परियोजना प्रतिवेदन प्रस्तुत करने की उनसे अपेक्षा की जाती है। एमबीए कार्यक्रम के सभी छात्रों को उनके अध्ययन दौरान एक अतिरिक्त भाषा (विदेशी) की शिक्षा दी जाती है।

एमए सामाजिक उद्यमिता (दो वर्षीय, पूर्णकालिक)

अध्ययनशाला की दूरदर्शिता का अनुसरण करते हुए और सामाजिक उद्यमिता के बढ़ते महत्व के मद्देनजर, वर्ष 2014 में अध्ययनशाला ने सामाजिक उद्यमिता (एमएएसई) में एमए का एक दो वर्षीय (पूर्णकालिक) कार्यक्रम शुरू किया। कार्यक्रम का पहला वर्ष एमबीए के पहले वर्ष के समान है, जबकि दूसरे वर्ष में अवधारणाओं, समस्याओं और सामाजिक उद्यमिता की कार्य प्रणालियों पर विशेष रूप से ध्यान दिया जाता है और उन्हें एयूडी आरंभन, नवाचार एवं उद्यमिता केंद्र की गतिविधियों से जोड़ा जाता है।

कार्यक्रम के छात्रों को विक्रय, विपणन, संचालन, मानव संसाधन प्रबंधन एवं रणनीतिक प्रबंधन में कोर व्यवसाय प्रबंधन कौशल प्रदान किए जाते हैं, जो सार्वजनिक, निजी या विकास क्षेत्र में सभी संगठनों के प्रबंध के लिए आवश्यक हैं। साथ ही, कार्यक्रम हमारे समाज के समक्ष खड़ी समकालीन समस्याओं के प्रति गहरी संवेदनशीलता और समझ का विकास करने का प्रयास करता है और छोटे व मझोले उद्यमों की भूमिका पर ध्यान देता है, जो हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं। सबसे बढ़कर, एमएएसई भागीदारों को सृजनात्मक एवं नवोन्मेषी समाधानों का पता लगाते हुए नए व्यवसाय शुरू करने के लिए अपेक्षित, खास कर सामाजिक क्षेत्र में, विशिष्ट कौशलों का पता लगाने के योग्य बनाता

है। कार्यक्रम की संरचना मुख्य व्यवसाय कौशलों का निर्माण एवं संवर्धन करने, सामाजिक–राजनीतिक एवं पर्यावरणीय मुद्दों के प्रति जागरूकता पैदा करने और समस्या समाधान हेतु सृजनात्मक सोच, सामाजिक नवाचार एवं उद्यमी पद्धतियों को बढ़ावा देने के लिए की गई है। यहाँ प्रयास व्यवसायों में ऐसे नवोन्मेषी कार्यों पर ध्यान केंद्रित करने का किया जाता है, जो लाभार्थ एवं लाभ–निरपेक्ष संगठनों के माध्यम से सामाजिक प्रभाव का विस्तार कर सकें।

अधिगम सामाजिक सरोकारों से जुड़े विषयों के अध्ययन–पठन, गतिविधियों व अनुरूपणों पर मिश्र अनुचिंतनों और सामाजिक उद्यमियों और उद्यमों के ज्वलंत मामलों की गंभीर चर्चा–परिचर्चाओं पर आधारित है। सामूहिक कौशल के प्रोन्नयन हेतु अभीष्ट परस्पर एवं समूह शिक्षा पर बल दिया जाता है। सैद्धांतिक अवयवों को व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ा जाता है, और छात्रों को क्षेत्र आधारित परियोजनाओं के माध्यम से कक्षा की शिक्षा को यथार्थ जीवन की स्थितियों में उतारने को प्रोत्साहित किया जाता है। छात्रों को अध्ययन निधान का निर्माण और शोध के मौजूदा क्षेत्र में योगदान करने को प्रेरित किया जाता है। छात्रों को उनके आसपास के सामाजिक सरोकारों से अवगत कराने के लिए कार्यशाला/परिसंवाद पाठ्यक्रमों के रूप में पहले वर्ष तीन पाठ्यक्रम प्रदान किए जाते हैं।

प्रकाशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा (एक–वर्षीय)

राष्ट्रीय पुस्तक न्यास, भारत (एनबीटी) के सहयोग से, एसबीपीपीएसई ने जुलाई 2013 में एक एक–वर्षीय 'प्रकाशन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा' शुरू किया। यह प्रकाशन उद्योग में तेजी से आ रहे बदलावों को देखते हुए, 21वीं सदी में प्रकाशन के क्षेत्र के प्रति नवागंतुकों को आकर्षित और मौजूदा प्रकाशन व्यवसायियों को 'पुनर्प्रशिक्षित' करने हेतु आवश्यक है। ध्यातव्य यह भी है कि तेजी से बदलते इस उद्योग ने प्रकाशन में 'व्यवसाय' तत्व के महत्व को और आगे बढ़ा दिया है। इस हेतु, एयूडी कार्यक्रम का लक्ष्य अध्यवसायियों का एक वर्ग तैयार करना है, जो कुशल और उद्यमशील हों। आशा की जाती है कि प्रकाशन में जीवन वृत्त की संभावनाओं और व्यवसाय अवसरों के संदर्भ में कार्यक्रम संवर्धित मूल्य का सृजन करेगा।

एयूडी उद्भवन, नवोन्मेषन एवं उद्यमिता केंद्र (एसीआईआईई)

एयूडी की विस्तृत दूरदर्शिता की परिधि के भीतर, एयूडी के अन्य अध्ययनशालाओं और केंद्रों के सहयोग से, एसबीपीपीएसई ने एक उद्भवन, नवोन्मेषन एवं उद्यमिता केंद्र (एसीआईआईई) की स्थापना का कार्य शुरू किया है। केंद्र से एयूडी के विभिन्न अध्ययनशालाओं के शैक्षिक कार्यक्रमों को पूरा करने में सहायता की आशा की जाती है। उद्भवन केंद्र का लक्ष्य दोहरे उद्देश्य की पूर्ति करना है : (1) सैद्धांतिक एवं संकल्पनात्मक शिक्षा को समाज के लिए उपयोगी प्रणाली का रूप देना; और (2) समाज के सुविधा वंचित तबकों तक पहुँचना है, जिन्हें संभव है कि नई शिक्षा और समकालीन कार्यप्रणालियों की कोई अन्य सुविधा न हो।

केंद्र एयूडी और एयूडी के बाहर के छात्रों से नवोन्मेषी संकल्पनाएँ आमंत्रित कर उन्हें यथार्थ व्यवसाय कंपनियों का रूप देने हेतु परामर्श और नए छोटे उद्यमों या उद्यमियों में निवेश करने वालों (एंजेल इन्वेस्टर्स)/उद्यम पूँजीवादियों से वित्तीय सहायता संगठित/सुलभ कर उनका विकास करेगा। यह उन लोगों को अवसर मुहैया कराएगा जो सामाजिक उद्यमिता में निजी व्यवसाय शुरू करना चाहते हों। यह किसी अल्प–लागत वाले व्यवसाय की रूपरेखा तैयार कर उसकी स्थापना करने के लिए

अपेक्षित कौशलों की शिक्षा और नई संकल्पनाओं के विकास एवं परीक्षण हेतु अवसर सुलभ कराएगा। यह विभिन्न क्षेत्रों के अनुभवी सलाहकारों के कार्य की सफलता की कहानियों को साझा करने की संभावना प्रदान करता है। केंद्र एमए सामाजिक उद्यमिता कार्यक्रम के छात्रों के लिए, विशेष रूप से उनके अध्ययन के दूसरे वर्ष के दौरान, आश्रय स्थल का कार्य करेगा।

सहयोग

प्राध्यापक वर्ग व छात्रों के आदान–प्रदान को सरल करने के लिए एयूडी एवं सान फ्रैंसिस्को राज्य विश्वविद्यालय के बीच एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए हैं। इसी आशय से इंग्लैंड के नौर्थंप्टन विश्वविद्यालय के साथ भी एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है। अन्य देशों से सहयोग हेतु अध्ययनशाला अन्य विश्वविद्यालयों से भी विचार–विमर्श कर रहा है।

शोध परियोजनाएँ

दवे, कार्तिक, प्रधान अनुसंधाता। ''रेस्त्राँ उद्योग में सेवा गुणवत्ता : उत्तर भारत के चुनिंदा राज्यों का एक शोध''। आईसीएसएसआर द्वारा वित्त पोषित (500,000, जारी)।

कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ

गुप्ता, अंशु ने विश्वविद्यालय अनुदान आयोग शिक्षा कर्मचारी महाविद्यालय (यूजीसी–अकादमिक स्टाफ कॉलेज), जामिया मिलिया इस्लामिया में आयोजित (12 मई से 2 जून 2014) बुनियादी विज्ञान (अंतर्विषयक) के तीन सप्ताह के पुनश्चर्या पाठ्यक्रम में भाग लिया।

नियोजन सहायता

बाहरी विश्व से नियमित रूप से पारस्परिक व्यवहार सुलभ कराने और गरमी के दिनों में दिए जाने वाले प्रशिक्षणों तथा विद्यालय से बाहर कार्यों का पता लगाने में छात्रों को सक्षम बनाने हेतु छात्र प्रकोष्ठ और नियोजन समिति के जरिए विद्यालय का एक क्रियाशील उद्योग सहबंध है। छात्र प्रकोष्ठ और नियोजन समिति में कार्यक्रमों के छात्रों के द्वारा निर्वाचित छात्र प्रतिनिधि होते हैं जिनकी सहायता प्राध्यापक वर्ग के सलाहकार करते हैं।

संस्कृति एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति अध्ययनशाला (एससीसीई)

एससीसीई को एक ऐसे स्थल के रूप में देखा जाता है जो देश में कला शिक्षा एवं कार्य प्रणाली की एक नई परिकल्पना को व्यवहार में उतारे। दृश्य कला, साहित्य कला, अभिनय कला एवं फिल्म कला में नई और भिन्न कला प्रणालियों एवं सैद्धांतिक सूक्ष्म दृष्टियों के विकास हेतु विद्यालय एक प्रशिक्षण मंच मुहैया कराता है।

अध्ययनशाला अग्रलिखित विषयों में स्नातकोत्तर कार्यक्रम उपलब्ध कराता है : (ग) दृश्य कला (2) साहित्य कला : सृजनात्मक लेखन (3) अभिनय अध्ययन एवं (4) फिल्म अध्ययन। इन कार्यक्रमों में ऐतिहासिक और सैद्धांतिक शिक्षा प्रदान करते हुए शोध उन्मुखी एवं प्रायोगिक अभ्यासों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिनमें विवेचनात्मक अध्ययन–पठन और अभ्यास अनिवार्य होते हैं। इन कार्यक्रमों में सृजनात्मकता के संबद्ध क्षेत्रों में भी शिक्षा और कौशल प्रदान किए जाते हैं। शैक्षिक वर्ष 2014–15 में, संस्कृति एवं सृजनात्मक अभिव्यक्ति विद्यालय (एससीसीई) ने तीन विधाओं में पीएच.डी. कार्यक्रम शुरू किए – (1) दृश्य कला (2) साहित्य कला : सृजनात्मक लेखन और (3) फिल्म अध्ययन। विद्यालय भारत में पहली बार अभ्यास–नीत पीएच.डी. कार्यक्रम प्रदान कर रहा है।

प्रतिष्ठा (ऑनर्स) / उपलब्धियाँ

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (मुख्य) 2015 (अप्रैल 2015) के संचालन के लिए विश्वास, बेनिल विश्वास को आमंत्रित किया।

शिवरमण, दीपन ने क्राकोव, पोलैंड में डिवाइन कॉमेडी (बोस्का कॉमेडिया) अंतरराष्ट्रीय रंगमंच उत्सव (दिसंबर 2014) में निर्णायक मंडल के एक सदस्य के रूप में अपनी सेवा दी।

एस, संतोष को भारत की क्षेत्रीय / स्थानीय बोलियों में कला लेखन पर प्रकाशन परियोजनाओं के लिए एशिया कला अभिलेखागार (एएए), नई दिल्ली, भारत द्वारा मानद संपादक के रूप में नियुक्त किया गया।

प्रस्तुतियाँ

विश्वास, बी (2014, दिसंबर), कला विश्वविद्यालय, हेलसिंकी, ''डॉक्युमेंटिंग एशियन आर्ट एंड परफारमेंस : एंबॉडीड नॉलेज, वर्चुएलिटी एंड दि आर्काइव'' सम्मेलन में प्रस्तुत पत्र : आर्किटेक्टॉनिक्स ऑफ एन आर्काइव : प्रिपेरेशन टु परफारमेंस एंड बियांड।

कृष्णन, आर (2014, जून), वरिष्ठ तमिल लेखक अशोकमित्रन, चेन्नई की कृतियों पर ''रीडिंग अशोकमित्रन'' शीर्षक एक परिसंवाद में प्रस्तुत पत्र : वरलर्रुक्कु अप्पल अनरादम : अशोकमित्रन अशगियाल कात्तुम मीची (एवरीडे बियांड हिस्ट्री : दि रिडेंप्टिव एस्थेटिक्स ऑफ अशोकमित्रण)।

——, (2015, फरवरी), एशिया समाज विज्ञान शोध कला अभिलेखागार एवं केंद्र, कोलकाता द्वारा आयोजित ''आर्ट ऑफ डिसेमिनेशन : राइटिंग कल्चर्स'' में प्रस्तुत पत्र : पैरिस / कलकत्ता : दि टोपोलॉजी ऑफ माडर्निटी एं एन्क्लोजर्स ऑफ डिफरेंस।

एस, संतोष (2014, अगस्त), डॉ. भाउ दाजी लाड संग्रहालय, मुंबई में प्रस्तुत पत्र : कंटेंपोरेरी क्रिटिकल थ्योरिज़।

——, (2015, फरवरी), एशिया समाज विज्ञान शोध कला अभिलेखागार एवं केंद्र, कोलकाता द्वारा आयोजित ''आर्ट ऑफ डिसेमिनेशन : राइटिंग कल्चर्स'' में प्रस्तुत पत्र : एन (इंडियन) एक्सपेरिमेंट विद क्राफ्ट''।

शिवरमन, डी (2014 जुलाई), बंगाल सांस्कृतिक मंत्रालय, कोलकाता के सहयोग से मिनर्वा रेपर्टरी कंपनी द्वारा आयोजित नेशनल थिएटर सेमिनार (राष्ट्रीय रंगमंच संगोष्ठी) में प्रस्तुत पत्र : दि थिएटर ऑफ सेंस।

——, (2015, फरवरी), हैदराबाद में इब्सेन अवॉर्ड (इब्सेन पुरस्कार) के सहयोग से सरोजिनी नायडू कला एवं संचार विद्यालय, हैदराबाद विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित अंतरराष्ट्रीय इब्सेन सम्मेलन (इंटरनेशनल इब्सेन कॉन्फेरेंस) में प्रस्तुत पत्र : डाइरेक्टिंग पीअर जिंट इन ट्वेंटी फर्स्ट सेंचुरी इंडिया।

——, (2015, फरवरी), अंतरराष्ट्रीय रंगमंच उत्सव—बीआरएम, दिल्ली के एक अंग के रूप में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय (नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा), दिल्ली द्वारा आयोजित वर्ल्ड थिएटर फोरम ब्रेकिंग दि बैरियर्ज में प्रस्तुत पत्र : दि थिएटर ऑफ सीनोग्राफी एंड पोस्ट ड्रैमेटिक टर्न इन इंडियन थिएटर।

कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ

फिल्म अध्ययन

विश्वास, बेनिल, अभिनेता, संगीतकार और ग्राफिक डिजाइनर, इट्'स कोल्ड इन हियर (अगस्त 2014) और कैबिनेट ऑफ डॉ. कलिगरी (फरवरी 2015) की टीम के सदस्य रहे।

विश्वास, बेनिल ने पश्चिम बंगाल के कोलकाता स्थित मिनर्वा नाट्यसंस्कृति चर्चा केंद्र द्वारा आयोजित ''राष्ट्रीय रंगमंच संगोष्ठी'' (नेशनल थिएटर सेमिनार) (16–20 जुलाई 2014) में भाग लिया।

विश्वास, बेनिल ने आदिशक्ति नाट्य कला एवं शोध प्रयोगशाला, (आदिशक्ति लैबोरेटॅरी फॉर थिएटर आर्ट्स एंड रिसर्च), पुदुचेरी में अभिनेताओं के लिए आयोजित कार्यशाला ''सोर्स ऑफ परफारमेंस एनर्जी'' (एसओपीई) (15–25 जून 2014) में भाग लिया।

शिवरमन, दीपन ने पीएस कलेक्टिव, दिल्ली के सहयोग से ''इट्'स कोल्ड इन हियर'' शीर्षक एक नाट्य प्रस्तुति तैयार कर उसका निर्देशन किया (अगस्त 2014)।

शिवरमन, दीपन ने पीएस कलेक्टिव, दिल्ली के सहयोग से ''दि कैबिनेट ऑफ डॉ. कलिगरी'' शीर्षक एक नाट्य प्रस्तुति तैयार कर उसका निर्देशन किया (जनवरी 2015)।

शिवरामन, दीपन ने कलाकार विवान सुंदरम के साथ सीनोग्राफर के रूप में रंगमंच निर्देशक अनुराधा कपूर के सहयोग से आईजीएनसीए में एक संयुक्त नाट्य/दृश्य कला परियोजना ''409 रामकिंकर'' का संचालन किया (मार्च 2015)।

एस, संतोष ने भारतीय समकालीन कला संस्थान (फाउंडेशन ऑफ इंडियन कंटेंपोरेरी आर्ट), नई दिल्ली द्वारा आयोजित कलाकार वसुधा थोज़र की वार्ता इंस्टिट्युशनलाइजिंग प्रैक्टिस एंड प्रैक्टिसिंग दि इंस्टिट्यूशन का संचालन किया (6 सितम्बर 2014)।

जैन, शेफाली को दिल्ली कला महाविद्यालय, नई दिल्ली के छात्रों के साथ परिचर्चा में सलाहकार के रूप में आमंत्रित किया गया (मार्च 2015)।

दृश्य कला

लाइटनिंग टेस्टिमनीज प्रदर्शनी देखने के लिए किरण नादर कला संग्रहालय (किरण नादर म्यूजियम ऑफ आर्ट) का दौरा (8 अगस्त 2014)।

शुक्ला, सावंत, जेएनयू, नई दिल्ली, ने दि पैस्टोरल रिप्रेजेंटेशन ऑफ दि लैंडस्केप एंड दि प्लेस ऑफ संथाल्स : नंदलाल बोस एंड रवींद्रनाथ टैगोर पर एक वार्ता प्रस्तुत की (3 सितम्बर 2014)।

एंटवर्प विश्वविद्यालय के पाओलो, फेवेरो ने बियांड दि फ्रेम : रिफ्लेक्शंस ऑन दि मीनिंग ऑफ इमेजेज इन दि एज ऑफ डिजिटल मीडिया प्रैक्टिसेज पर एक वार्ता प्रस्तुत की (12 सितंबर 2014)।

कलाकार शेख, नीलिमा ने अपनी कृति और कार्य प्रणाली प्रस्तुत की (26 सितम्बर 2014)।

एससीसीईई के छात्रों के लिए पूजा चौहान (मूर्तिकार, नाट्य कलाकार एवं कला प्रेरक के साथ परिचर्चा (अक्टूबर 2014)।

विश्व भारती में कला इतिहास के प्रोफेसर कुमार, आर शिव ने रामकिंकर बैज पर एक वार्ता प्रस्तुत की (10 अक्टूबर 2014)।

कलाकार और कार्यकर्ता अग्रवाल, रवि ने चित्र प्रस्तुति के साथ एक वार्ता प्रस्तुत की। (17 अक्टूबर 2014)।

आईजीएनसीए में सम ऐस्पेक्ट्स ऑफ प्रोमेनेड थिएटर पर प्रो. अनुराधा कपूर की एक प्रस्तुति (29 अक्टूबर 2014)।

चिन्नन ने वेब आर्ट एंड नेट–बेस्ड आर्ट प्रैक्टिसेज पर एक कार्यशाला का संचालन किया (अक्टूबर–नवंबर 2014)।

जिनियालॉजीज ऑफ दि उत्सव एंड रवींद्रनाथ टैगोर्स कोरियॉग्राफी ऑफ पार्टिसिपेशन इन परफॉरमेंस पर रिमली भट्टाचार्य की वार्ता (7 नवंबर 2014)।

एससीसीईई के छात्रों के लिए ऑडियो–विजुअल–सेंसरी एथनोग्राफी ऑफ अर्बन स्पेस पर एंटवर्प विश्वविद्यालय के डॉ. पाओलो फेवेरो की कार्यशाला (जनवरी 2015)।

कलाकार वाल्सन कूर्मा कोलेरी की उनकी कृतियों एक कार्य प्रणालियों पर एक प्रस्तुति (28 जनवरी 2015)।

कलाकार रायोटा कुवाकुबो की एक प्रस्तुति (26 मार्च 2015)।

एन इंटरनेशनल विजन ऑफ दि दलित सिचुएशन पर गैरी माइकल तर्ताकोव की एक वार्ता।

एआईआईएस एथनोम्युज़िकॉलोजी अभिलेखागार एवं शोध केंद्र का दौरा तथा निदेशक डॉ. शुभा चौधरी से परिचर्चा (11 मार्च 2015)।

आईजीएनसीए में जानेमाने कलाकार विवान सुंदरम के मार्गदर्शन में परियोजना (409 रामकिंकर) की प्रस्तुति एवं प्रदर्शनी का आयोजन (मार्च 2015)।

फोटोग्राफी : आइडेंटिटी एंड रिप्रेजेंटेशन पर गौरी गिल द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला का आयोजन (मार्च 2015)।

साहित्यिक कला

अशोक वाजपेयी द्वारा एक व्याख्यान सह कविता पाठ सत्र (22 अगस्त 2014)।

मंगलेश डबराल द्वारा एक व्याख्यान सह कविता पाठ सत्र (5 सितंबर 2014)।

''पॉल सेलान एंड दि फ्यूचर ऑफ दि पोएम'' पर डॉ मानष आर्य की वार्ता (19 सितंबर 2014)।

कविता लेखन पर सुदीप सेन द्वारा पांच दिवसीय कार्यशाला (27 सितंबर–4 अक्टूबर 2014)।

सुदीप सेन द्वारा एक व्याख्यान सह कविता पाठ सत्र (31 अक्टूबर 2014)।

ड्रैमेटिक राइटिंग पर सबरीना धवन द्वारा एक तीन–दिवसीय कार्यशाला (2, 4 और 9 फरवरी 2015)।

कथा–साहित्येतर आख्यान (नैरेटिव नॉन–फिक्शन) पर उर्वशी बुटालिया द्वारा एक कार्यशाला (छह–सप्ताह) का आयोजन (14 फरवरी – 28 मार्च 2015)।

नई दिल्ली स्थित ऑक्सफर्ड पुस्तक भंडार (ऑक्सफर्ड बुक स्टोर) में अंतिम वर्ष के छात्रों द्वारा बुक, लाइन एंड लिंकर का आयोजन (12 मई 2015)।

अभिनय (नाट्य) अध्ययन

एससीसीईई के अभिविन्यास (अभिमुखीकरण) के एक अंग के रूप छात्रों द्वारा इट्स कोल्ड इन हियर शीर्षक एक नाटक मंचन किया गया (04–09 अगस्त 2014)।

जेएनयू के प्रोफेसर रुस्तम बरुचा द्वारा दि आफ्टरमैथ – रिफ्लेक्शंस ऑन टेरर एंड परफॉरमेंस पर एक व्याख्यान सह पुस्तक प्रस्तुति (24 सितम्बर 2014)।

कंटेक्स्ट, कोरियॉग्राफी एंड कंटेंपोरेरी पर दिल्ली स्थित गति डांस फोरम के मनदीप रेखी का व्याख्यान (14 नवंबर 2014)।

दि ट्रांसपरेंट परफॉरमर पर जुलेखा अल्लाना पारदर्शी कलाकार पर जुलेइखा अल्लाना (अभिनय कला निर्माता/परफर्मिंस मेकर और प्रकाश डिजाइनर) का व्याख्यान (21 नवंबर 2014)।

दि कैबिनेट ऑफ डॉ कैलिगरी, जर्मन क्लासिक मूक फिल्म पर आधारित स्थल–लक्षित नाट्य प्रदर्शन (5–10 जनवरी 2014)।

परफॉरमेंस साइट्स/साइंस – फ्रेमिंग दि डांसर्स पर जवाहर लाल विश्वविद्यालय, दिल्ली की डॉ उर्मिला सरकार का व्याख्यान (13 फरवरी 2014)।

एक्स्पीरियंसिंग कोरियोग्राफी पर डॉ उर्मिला सरकार द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन (14 फरवरी 2015)।

कविता प्रदर्शन, परफॉरमिंग दि रिर्टन, जर्मनी के हाइक फीड्लर द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन (20 फरवरी 2015)।

परफॉरमेंस एंड हिस्टीरिया पर गोल्डस्मिथ कॉलेज के एन्न फर्से द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन (02–09 मार्च 2015)।

पाठ्येतर गतिविधियाँ

सह–पाठ्यक्रम गतिविधि समिति के एक अंग के रूप में बेनिल विश्वास ने सांस्कृतिक कार्यक्रमों एयूडी/सिटी (2014) एवं बार्दीसिखला (2015) का आयोजन किया।

'इलेक्ट्रॉनिक सिटी' और 'दि फ्लिक' के प्रदर्शन में बेनिल विश्वास ने एयूडी थिएटर एनसेंब्ल का मार्गदर्शन किया।

डिजाइन अध्ययनशाला (एसडीईएस)

एयूडी का एसडीईएस अपनी संकल्पना में विशिष्ट है – भारत में यह पहली बार है कि डिजाइन शिक्षा को मानविकी एवं समाज विज्ञान के क्षेत्र में संस्थागत रूप से सन्निहित और संबद्ध किया गया है। डिजाइन की मुख्य विशषताओं को सामाजिक स्तर पर जटिल समस्याओं, आवश्यकताओं एवं क्षेत्रों से जोड़ने की दृष्टि से विद्यालय का मानविकी एवं समाज विज्ञान विश्वविद्यालय के भीतर अपना एक विशिष्ट स्थान है। वस्तु–केंद्रित डिजाइन को पुनः ''सामाजिक'' पर केंद्रित कर, डिजाइन विद्यालय नए परिणामों, सेवाओं, प्रणालियों, अंतराफलकों (*interface*) और दृश्य–विधानों के जरिए सुशिक्षित, संवेदनशील, सशक्त और संतुलित समुदायों के निर्माण का विचार रखता है। तेजी से बदलते, परस्पर गहरे तक जुड़े स्थानीय एवं वैश्विक भूदृश्य से मिली नानाविध चुनौतियों को सृजनात्मक ढंग से पूरा करने के लिए यह विन्यास डिजाइन शिक्षा एवं कार्यप्रणाली की पुनर्कल्पना का एक अवसर प्रदान करता है। वहीं, डिजाइन विद्यालय, डिजाइन के माध्यम से, सामाजिक कार्यकलाप के जरिए समतामूलक, न्यायविहित एवं स्थायी समाज के निर्माण के एयूडी के अधिदेश को आगे बढ़ाने का प्रयास करता है।

विद्यालय इसे समस्त विश्व में डिजाइन शिक्षा एवं प्रणाली के भीतर प्रचलित विशेषताओं के प्रति प्रश्न पूछने, चालू पाठ्यक्रम संरचनाओं एवं अध्यापन विधियों की पड़ताल करने और भारतीय संदर्भ में डिजाइन की एक बृहत्तर भूमिका एवं संभावना पर विचार करने के एक अवसर के रूप में देखता है। राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली पर ध्यान के साथ–साथ, विद्यालय का लक्ष्य डिजाइन के छात्रों को दिल्ली शहर के लिए नई सेवाओं, प्रणालियों, अंतराफलकों, उत्पादों और उद्यमों की संकल्पना की चुनौतियों को दूर करने हेतु तैयार करना है।

एसडिज की कल्पना डिजाइन शिक्षा को स्नातक स्तर से एम. फिल्. / पी. एच. डी. स्तर तक पहुँचाने के लिए एक अभ्यास एवं शोध आधारित स्कूल दोनों रूपों में की जाती है। आरंभ में यह समाज डिजाइन (समाज अभिकल्प) में एम ए के पाठ्यक्रम प्रदान करता है। भविष्य में इसका विचार सेवा डिजाइन, डिजाइन समीक्षा, डिजाइन सिद्धांत, डिजाइन इतिहास और अन्य संबद्ध क्षेत्रों में कार्यक्रम तथा उसके अनंतर स्नातक कार्यक्रम और अंततः एमफिल / पीएच.डी. कार्यक्रम प्रस्तुत करना है।

एमए सोशल डिजाइन (समाज अभिकल्प)

समाज अभिकल्प का एमए कार्यक्रम ढाई वर्षों का एक पूर्णकालिक कार्यक्रम है, जो कि एक गहन, अभ्यास एवं अनुप्रयोग उन्मुखी कार्यक्रम, जिसके केंद्र में समाज है। भागीदारी एवं सह–सर्जना विधियों के माध्यम से समावेशन, पहुँच, समानता और अवसरों के गंभीर मुद्दों के सृजनात्मक ढंग से निदान हेतु इसमें अभिकल्प विधाओं की विशिष्ट विधियों, उपकरणों और पद्धतियों का समाज विज्ञान की विधियों, उपकरणों और पद्धतियों को सम्मिलित किया जाता है। समाज की गंभीर समस्याओं (समानता, पहुँच, सहभागिता, समावेशन एवं अवसर), जो समुदायों, संस्थाओं, संगठनों व राज्यों में सन्निहित हो सकती हैं, के निदान हेतु कार्यक्रम में आवश्यक उद्यमिता क्षमताओं एवं नेतृत्व गुण के साथ छात्रों को तैयार करने पर बल दिया जाता है।

सहयोजन

ब्रिटिश काउंसिल नॉलेज ग्रांट से सहायता प्राप्त ''इवॉल्विंग बेस्ट प्रैक्टिसेज फॉर पोस्टग्रेजुएट टीचिंग अबाउट डिजाइन, कल्चर एंड सोसाइटी : डिवेलपिंग करिकुलम, पेडागॉज़ी एंड टीचिंग मटिरियल्स थ्रू कोलैबोरेटिव, क्रॉस–कल्चरल पार्टनरशिप'' शीर्षक परियोजना पर अभिकल्प विद्यालय ने रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट, लंदन के साथ मिलकर काम किया। एक वर्ष तक चले इस सहकार्य में ''डिजाइन एंड अनसर्टेनिटी इन दि ग्लोबल प्रेजेंट'' विषय पर दो कार्यशालाओं में गवेषण किया गया – एक मई 2014 में लंदन में और दूसरी सितंबर 2014 में दिल्ली में। सहभागियों में प्राध्यापक वर्ग के छह सदस्यों (प्रत्येक संस्था से तीन) का एक दल और रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट्स के 13 तथा एयूडी के 20 छात्र शामिल थे।

शोध परियोजनाएँ

भट्ट, जतिन, प्रधान अन्वेषक ''बाय डिजाइनः सस्टेनिंग कल्चर इन लोकल एन्वायरन्मेंट, लर्निंग फ्रॉम दि इंडियन हैंडिक्राफ्ट्स सेक्टर'' इंटरनेशनल पार्टनरशिप एंड मोबिलिटी स्कीम (अंतरराश्ट्रीय भागीदारी एवं गतिशीलन योजना) – आइपीएम 2014, ब्रिटिश अकादमी, सह प्रस्ताव डॉ. ईलुनेड मेयर एड्वड्र्स, नॉटिंघम ट्रेंट विश्वविद्यालय।

बालासुब्रमण्यन, सुचित्रा एवं अबीर गुप्ता (भारत कला संस्थान एवं राष्ट्रीय संग्रहालय/इंडियन फाउंडेशन फॉर दि आट्र्स एंड नेशनल म्यूजियम), नई दिल्ली। राष्ट्रीय संग्रहालय के साथ एक वर्ष से भी अधिक सहकार्य, जिसमें शोध, संग्रह एवं प्रदर्शन के माध्यम से एनएम संग्रह से प्राप्त जरी के 80 थानों पर कार्य किया गया।

प्रस्तुति

गुप्ता, अबीर (2014, सितंबर), दि विजुअल एंड मटिरियल कल्चर ऑफ इस्लाम इन लद्दाख। पत्र विद्वानों एवं व्यवसायियों के लिए दृश्यश्रव्य मानव विज्ञान पर नेशनल रिसर्च यूनिवर्सिटी हायर स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स इन दि स्कोप ऑफ दि डेज ऑफ एथनोग्राफिक सिनेमा (मॉस्को) में आयोजित बारहवीं अंतरराष्ट्रीय परिसंवाद ''ट्रेडिशनल कल्चर इन पोस्ट–ट्रेडिशनल सोसाइटी : क्वेश्चन्स ऑफ एडैप्टेशन'' में प्रस्तुत।

विकास अध्ययनशाला (एसडीएस)

अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली के एसडीएस का उद्‌देश्य समाजशास्त्र, मानव शास्त्र, राजनीति विज्ञान एवं अर्थशास्त्र विधाओं के आधार पर अंतर्विषयक पद्धतियों के जरिए समाज विज्ञान की शिक्षा एवं शोध की व्यवस्था को सशक्त करना है। अंबेडकर विश्वविद्यालय की विस्तृत, बहुविषयक शिक्षा को प्रोत्साहन की समग्र संकल्पना से इसका विशेष संबंध है, जिसका समाज की आवश्यकताओं से गहरा संबंध है। यह इस समझ के अनुरूप चलता है कि विकास सिद्धांत, विकास के अनुभव, अस्मिता एवं भेदभाव के सरोकारों, पर्यावरण के सरोकारों और विकास प्रबंध के अन्य स्वरूपों का, आज के संदर्भ में, संचालन एक अंतर्विषयक पद्धति से अधिक प्रभावशील ढंग से किया जा सकता है। विद्यालय का लक्ष्य संकटग्रस्त, उपेक्षित और वंचित समूहों को ध्यान में रखते हुए राजनीतिक, सामाजिक, सांस्कृतिक, आर्थिक मुद्‌दों, क्रियाकलापों और यथार्थताओं के क्षेत्र में नवोन्मेषी एवं उच्च शोध को प्रोत्साहन देना है। अपने एमए कार्यक्रम के जरिए अपने शिक्षक वर्ग के माध्यम से और शिक्षा जगत तथा व्यवहार जगत के विशेषज्ञों की सलाह के अनुरूप यह 2009 से विकास की अंतर्विषयक पद्धतियों की शिक्षा प्रणाली के सृजन में रत है। इसके पाठ्‌यक्रम सैद्धांतिक एवं वैचारिक संकल्पनात्मक ज्ञान को वास्तविक क्षेत्र–आधारित शिक्षा से जोड़ते हैं, जिसमें स्नातकोत्तर स्तरों पर शोध केंद्रित शोध–निबंध लेखन पर विशेष बल दिया जाता है।

प्रस्तुतियाँ

दामोदरन, एस (2014, मई), आर्टिकुलेटरी डिवाएंस पत्र साइप्रस के निकोसिया विश्वविद्यालय में ''स्क्रिप्ट्स ऑफ डिफाएंस'' में प्रस्तुत।

——, (2014, अगस्त), क्राइसिस ऑर रिसिलिएंस : दि इंडियन केस। पत्र दक्षिण अफ्रीका के जोहान्सबर्ग में रोजा लक्ज़ेमबर्ग फाउंडेशन में आयोजित कार्यशाला ''कैपिटलिज्म क्राइसिस एंड लेफ्ट रिस्पांसेज में प्रस्तुत।

——, (2014, अक्टूबर), दि रेडिकल इंपल्स : म्यूजिक–पोएट्री कोलैबोरेशंस बिटवीन इंडिया एंड साउथ अफ्रीका पत्र दक्षिण अफ्रीका के केपटाउन विश्वविद्यालय में आयोजित कार्यशाला पोएट्री अफ्रीका ऑन टुअर वर्कशॉप में प्रस्तुत।

——, (2015, जनवरी), दि रेडिकल इंपल्स : म्यूजिक एंड पॉलिटिक्स ऑफ ट्रेडिशन ऑफ आइपीटीए भारतीय समकालीन कला संस्थान और कला एवं सौंदर्य विद्यालय, जेएनयू द्वारा आयोजित द्वितीय ईला डालमिया स्मृति व्याख्यान।

धर, आइ (2014, नवंबर), डीसेंट्रलाइज्ड गवर्नैंस एंड रीथिंकिंग गाँधियन पीस : वीमेन ऐज चेंज एजेंट्स पत्र केरल स्थित केरल स्थानीय प्रशासन संस्थान में आयोजित ''गाँधी, ग्राम स्वराज एंड डिमोक्रेटिक डीसेंट्रलाइजेशन'' शीर्षक एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में प्रस्तुत।

नायक, एन (2015, फरवरी), राइट्स, रेसिस्टैंस एंड सिटिजेनशिप : क्लेमिंग दि राइट टु वर्क इन साउथ वेस्ट मध्य प्रदेश पत्र अंबेडकर विश्वविद्यालय, दिल्ली के मानव पारिस्थितिकी विद्यालय द्वारा आयोजित एक सम्मेलन ''मार्जिनल इकॉलॉजीज : ए कॉनफरेंस ऑन ह्यूमन इकॉलॉजी'' में प्रस्तुत।

——, फ्रॉम 'बेनेफिशरी' टु 'वर्कर' एंड बैक : दि वैरीड पॉलिटिक्स ऑफ इंप्लिमेंटेशन ऑफ दि नेशनल रूरल इंप्लॉयमेंट गारंटी ऐक्ट इन इंडिया पत्र नॉर्वे के बर्जेन विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग द्वारा आयोजित एक सम्मेलन ''डमोक्रेटाइजिंग इंडियन डेमोक्रेसी? सोशल मूवमेंट्स एंड दि स्टेट इन कंटेंपोरेरी इंडिया'' में प्रस्तुत।

——, (2014, नवंबर) फ्रॉम 'बेनेफिशरी' टु 'वर्कर' एंड बैक : दि वैरीड पॉलिटिक्स ऑफ इंप्लिमेंटेशन ऑफ दि नेशनल रूरल इंप्लॉयमेंट गारंटी एक्ट इन इंडिया पत्र आइजीआइडीआर, मुंबई में आयोजित सम्मेलन ''दि पॉलिटिकल इकॉनॉमी ऑफ कंटेंपोरेरी इंडिया में प्रस्तुत।

कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ

विद्यालय ने पैनल परिचर्चा, फिल्म प्रदर्शन और सांस्कृतिक संध्याओं समेत परिसंवाद रीथिंकिंग डिवेलपमेंट का आयोजन किया (12–13 फरवरी 2015)।

धर, आइवी ने एक आमंत्रित विशेषज्ञ मांजरिका सेवक के साथ ''ऐक्टिव लिसनिंग एंड डायलॉग : स्किल्स फॉर कॉन्फ्लिक्ट ट्रांसफॉर्मेशन'' शीर्षक कार्यशाला का आयोजन किया। (17 मार्च 2015)।

डीडी न्यूज पर ''वीमेन : इंप्लॉयड ऑर इंपॉवर्ड'' पर आइवी धर के साक्षात्कार का प्रसारण किया गया (6 जुलाई 2014)।

इंटर–एशिया बिएनाले फोरम, कोच्ची–मुजिरिस बिएनाले में दामोदरन, सुमंगला को पैनेलिस्ट (सूचीकार) के रूप में आमंत्रित किया गया (फरवरी 2015)

अनौपचारिक क्षेत्र एवं श्रम शोध केंद्र, जेएनयू द्वारा आयोजित ''क्रॉस–क्लास एलाएंस इन इंडिया'' शीर्षक सम्मेलन में दामोदरन, सुमंगला को विमर्षकार के रूप में आमंत्रित किया गया (मार्च 2015)।

आर्थिक शोध एवं योजना केंद्र, जेएनयू द्वारा आयोजित यंग स्कॉलर्स सेमिनार में दामोदरन, सुमंगला अध्यक्ष एवं विमर्षकार रहीं (मार्च 2015)

यूएन–वीमन, नई दिल्ली में इंपैक्ट ऑफ दि यूनियन बजेट ऑन वीमन पर चर्चा हेतु दामोदरन सुमंगला को पैनेलिस्ट (सूचीकार) के रूप में आमंत्रित किया गया (मार्च 2015)।

हेग सोशल शोध संस्थान के मानद प्रोफेसर सेठ, अश्वनी ने ''एमडीजीएस आर डेड, लांग लिव दि एसडीजएस! डीपॉलिटिसाइजिंग एंड डंबिंग–डाउन डिवेलपमेंट डिस्कोर्स'' (2 फरवरी 2015) पर और ''अनकंडिशनल ग्रांट्स फॉर ऑल : ट्रांस्फॉर्मेटिव पॉलिसी ऑर ग्लोबल पैनेकिया?'' (18 मार्च 2015) पर विशेष व्याख्यान दिए।

एक नियमित संगोष्ठी शृंखला के एक अंग के रूप में प्रस्तुत व्याख्या :

पांडे, अमृता – इंटोरोगेटिंग कॉमर्सियल सरोगेसी इन इंडिया।

डे, निखिल – राइट टु वर्क, फाइट टु लिव : डिस्कसिंग राइट्स–बेस्ड लेजिस्लेशन इन इंडिया।

चक्रवर्ती, उमा – थिंकिंग कास्ट, थिंकिंग जेंडर : अनरैवेलिंग इनइक्वलिटी इन इंडियन सोसाइटी।

कुमार, मधुरेश – जल, जंगल, जमीन : फ्रॉम लाइसेंस राज टु ऑर्डिनेंस राज।

सहगल, राखी – मेकिंग सेंस ऑफ लेबर लॉ चेंजेज इन इंडिया।

मंदर, हर्ष – इनइक्वलिटी, प्रेज्युडिस एंड इनडिफरेंस : दि चैलेंज ऑफ राइजिंग इनइक्वलिटी इन इंडिया।

14 फरवरी 2015 को पूर्व छात्रों की दूसरी सभा का आयोजन का अयोजन किया गया।?

शैक्षिक अध्ययनशाला (एसईएस)

एसईएस की स्थापना एक विधा एवं प्रणाली के रूप में शिक्षा द्वारा प्रस्तुत विभिन्न चुनौतियों को समझने, उनका विश्लेषण एवं उन्हें दूर करने के ध्येय से की गई थी। अधिकृत शोध व अभ्यास के माध्यम से शिक्षा को उसके ऐतिहासिक एवं समकालीन संदर्भों में समझने के लिए एसईएस के अध्ययनकर्ताओं और इस दिशा में प्रयासरत विद्वानों के एक समुदाय के रूप में विकसित होने की अपेक्षा की जाती है। विद्यालय का लक्ष्य अपनी विभिन्न अवस्थितियों में शिक्षा के सिद्धांत और अभ्यास के बीच के अंतर को दूर करना है – इस हेतु यह एक सामाजिक अभिप्राय के रूप में शिक्षा के अध्ययन और अध्ययनकर्ता शिक्षकों की तैयारी के बीच बृहत्तर योजना स्थल के विकास का प्रयास करता है। शिक्षक शिक्षा, अध्यापन, पाठ्यक्रम, नीति, योजना और प्रशासन के अतिरिक्त विश्लेषण व शोध के लिए यह एक परिशुद्ध अभ्यास आधारित सैद्धांतिक परिदृश्य के विकास के प्रति कार्य करता है।

अपनी संकल्पना के अनुरूप, एसईएस ने वर्ष 2012 में अपना पहला कार्यक्रम, एमए शिक्षा, शुरू किया। आरम्भिक शिशु शिक्षा एवं विकास केंद्र (सेंटर फॉर अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन एंड डिवेलपमेंट/सीईइसीईडी) के सहयोग से विद्यालय ने वर्ष 2014 में एमए शिक्षा (शिशु देखभाल एवं शिक्षा) कार्यक्रम शुरू किया। निकट भविष्य में यह शिक्षा में एमफिल/पीए.डी., प्राक्–सेवा (प्री–सर्विस) शिक्षक शिक्षा और सर्टिफिकेट/डिप्लोमा कार्यक्रम शुरू करना चाहता है।

एमए शिक्षणशास्त्र

एमए अध्ययन कार्यक्रम में शिक्षा में स्नातकोत्तर उपाधि के उदार और पेशेवर दोनों पहलुओं को केंद्र में रखा जाता है। आधारिक क्षेत्रों और विभिन्न सैद्धांतिक परिदृश्यों तथा वाद–विवादों के अतिरिक्त, छात्र कार्यक्रम संरचना में एसईएस के भीतर और बाहर अपनी रुचि के अनुरूप क्षेत्रों और दिशाओं में विशेषज्ञता हासिल करने के लिए वैकल्पिक पाठ्यक्रम का चयन कर सकते हैं। किसी मनोविश्लेषी परिदृश्य तथा अध्यवसायी के साथ परिचय और सहभागिता इस कार्यक्रम की अहम विशेषता है। दूसरी खास विशेषता इस शिक्षा के उन स्थलों से इसका संबंध है, जो स्कूली और गैर–स्कूली दोनों हैं। क्षेत्रों

——, (2015, मार्च), औपनिवेशिक ज्ञान मीमांसा और रामविलास शर्मा। व्याख्यान विद्यालय द्वारा आयोजित परिसंवाद में प्रस्तुत।

——, (2015, मार्च), अमरकांत उपन्यास इन्हीं हथियारों से और उपनिवेशवाद–विरोध। पत्र सीआइएल, जेएनयू द्वारा अयोजित परिसंवाद ''समकालीन हिंदी उपन्यास : सह–चिंतन'' में प्रस्तुत।

——, (2015, मार्च), इंटेरोगेटिंग मैन्युस्क्रिप्ट ट्रेडिशंस। सामुदायिक शिक्षा केंद्र (सेंटर फॉर कम्यूनिटी नॉलेज) एवं एसएलएस (अंग्रेजी), एयूडी द्वारा आयोजित एक परिसंवाद में एक सत्र की अध्यक्षता।

कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ

गणित और अन्य विधाओं में शिक्षारत छात्रों के लिए जीवनचर्या के अवसरों पर 20 सितंबर, 2014 को एक पैनेल परिचर्चा का आयोजन किया गया। सूचीकारों (पैनेलिस्ट) में मैक्स लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड, नई दिल्ली के श्री आशिक जैन, डिजिटल प्रॉडक्ट्स एंड सॉल्यूशंस के वरिष्ठ वाइस–प्रेसिडेंट डॉ. गौरव भटनागर,

एडुकॉम्प सॉल्यूशंस लिमिटेड और हमारी पूर्व छात्रा सुश्री प्रज्ञा कुशवाहा (आओन ह्यूईट कंसल्टिंग इंडिया) और श्री अभिनव भाटिया (बार्कलेज बैंक पीएलसी) शामिल थे।

आत्रेय कॉलेज ऑफ लिबरल आर्ट्स एंड साइंसेज, आयोबा राज्य विश्वविद्यालय, आमीस, आयोबा, के बालासुंदरम, कृष्णा ने सम इंटरेस्टिंग मैथेमैटिकल प्रॉब्लम्स (गणित के कुछ दिलचस्प प्रश्न) पर एक व्याख्यान दिया (जनवरी 2015)।

होमी भाभा विज्ञान शिक्षा केंद्र के बोस, टाटा इंस्टिट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च के अरिंदम ने एक्स्प्लोरिंग आउट–ऑफ–स्कूल मेजर्मेंट नॉलेज : इंप्लिकेशंस फॉर स्कूल मैथेमैटिक्स लर्निंग इन मार्च 2015 पर एक वार्ता प्रस्तुत की। गणित शिक्षा के क्षेत्र में सहयोग के संभावित क्षेत्रों पर प्राध्यापक वर्ग के साथ परिचर्चाओं का आयोजन किया गया। कार्य गणित शिक्षा से जुड़े दो संभाव्य वैकल्पिक पाठ्यक्रमों के लिए पाठ्यचर्या के निर्धाण पर शुरू किया गया, जिन्हें एयूडी में स्नातक के छात्रों के लिए लागू किया जा सकता है।

दिल्ली विश्वविद्यालय के मानव–विज्ञान विभाग के जोशी, पीसी ने पीआरए तकनीकियों पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया (21 मार्च 2015)।

विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) शैक्षिक कर्मचारी कॉलेज, एएमयू अलीगढ़ द्वारा आयेजित विषय पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के दौरान स्रोत पुरुष के रूप में प्रधान, गोपालजी ने हिंदी में दो व्याख्यान प्रस्तुत किए।

प्रधान, गोपालजी ने डॉ. केसी बघेल राजकीय पीजी कॉलेज, दुर्ग में आयोजित कार्यशाला ''समकालीन हिंदी कविता में स्त्री : एक विचार–विमर्श'' में विषय विशषज्ञ के रूप में भाग लिया (मार्च 2015)।

हरियाणा केंद्रीय विश्वविद्यालय में भगत सिंह शहीदी दिवस (मार्टरडम डे) कार्यक्रम में प्रधान गोपालजी ने मुख्य भाषण दिया (मार्च 2015)।

सैम्यूएल, नूपुर ने लखनऊ के सीतापुर स्थित विद्याज्ञान विद्यालय में 30 अगस्त 2014 को आयोजित कार्यशाला राइटिंग इन दि इंग्लिश क्लासरूम का संचालन किया। इस कार्यशाला का प्रायोजन आरईएलओ (रीजनल इंग्लिश लैंग्वेज ऑफिस/क्षेत्रीय अंग्रेजी भाषा कार्यालय), अमेरिकन सेंटर, नई दिल्ली ने किया।

सैम्यूएल, नूपुर ने टॉपिक, ट्रेनिंग एंड नेटवर्किंग पर आरईएलओ, अमेरिकन सेंटर द्वारा प्रायोजित और ईएफएलयू हैदराबाद द्वारा आयोजित एक राष्ट्र स्तरीय ई–टीचर एल्युमनाई वर्कशॉप में भाग लिया (दिसंबर 2014)।

अमेरिका की बाल्टिमोर काउंटी स्थित मेरीलैंड विश्वविद्यालय के ई–टीचिंग स्कॉलरशिप प्रोग्राम (ई–शिक्षा छात्रवृत्ति कार्यक्रम) के तहत एक 10–सप्ताह ऑनलाइन पाठ्यक्रम हेतु नूपुर सैम्यूएल को अमेरिकी दूतावास से एक छात्रवृत्ति दी गई (अगस्त–अक्टूबर 2014)।

शर्मा, विभा (अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, अलीगढ़) और नूपुर सैम्यूएल (अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली) ने आरईएलओ (रीजनल इंग्लिश लैंग्वेज ऑफिस/क्षेत्रीय अंग्रेजी भाषा कार्यालय), अमेरिकन सेंटर, नई दिल्ली की सहायता से 22 अगस्त 2014 को इंग्लिश लैंग्वेज टीचिंग फॉर प्री–सर्विस इंग्लिश लैंग्वेज टीचर्स पर एक कार्यशाला का आयोजन किया।

टिलबर्ग, जैकी वैन (ओहियो नॉर्दन विश्वविद्यालय) ने 15 अक्टूबर 2014 को प्रेजेंटेशन स्किल्स पर एक कार्यशाला का संचालन किया। उन्होंने छात्रों के साथ लेखन सम्मेलन का आयोजन भी किया।

सामुदायिक शिक्षा केंद्र (सीसीके / सेंटर फॉर कम्यूनिटी नॉलेज)

1. दिल्ली नागरिक स्मृति कार्यक्रम

दिल्ली के अनुभवों और मौखिक श्रुतियों के संग्रह और प्रचार–प्रसार की इस दीर्घकालिक परियोजना के एक अंग रूप में, निम्नलिखित कार्यक्रमों का आयोजन किया गया :

दिल्ली की यादें एक वार्ता माला, जिसके लिए अग्रलिखित लोग एयूडी परिसर आए – ध्रुवो चौधरी (अप्रैल 2014), अंकित चड्ढा (यमुना के तट पर दास्तानगोई कार्यक्रम, अप्रैल 2014) और यूसुफ सईद (अक्टूबर, 2014)। नई दिल्ली के मंडी हाउस स्थित रवींद्र भवन की दीर्घा में आयोजित शहरी जीवन के दुर्लभ फोटोग्राफों की प्रदर्शनी में छात्रों के साथ लाला नारायण प्रसाद ने एक प्रश्नोत्तरी सत्र का संचालन किया (सितंबर 2014)।

कश्मीरी गेट इतिहास और स्मृति परिसर में सितंबर–अक्टूबर 2014 के दौरान लिखित अभिलेखों और मौखिक श्रुतियों (आख्यायिकाओं) दोनों की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। इस प्रदर्शनी की एक सूची का प्रकाशन किया जा रहा है।

दार–ए–शिकोह कश्मीरी गेट क्षेत्र में एयूडी के परिसर में स्थित दारा शिकोह पुस्तकालय भवन में 27 मार्च से 6 अप्रैल 2015 तक दिल्ली की अल्प ज्ञात कहानियों के दारा शिकोह उत्सव का आयोजन किया गया। इस माला के पहले अंश में, उत्सव में लोथियन रोड, कश्मीरी गेट और आसपास के प्रतिवेश को केंद्र बिंदु में रखा गया, क्योंकि इस क्षेत्र के महत्व का पुराने शहर की ऐतिहासिक कथाओं में बार–बार उल्लेख हुआ है। इन गतिविधियों का एक और उद्देश्य एयूडी के बीच शहर की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर के साथ लोगों का जुड़ाव कायम करना है।

इस कार्यक्रम के तहत आयोजित गतिविधियाँ इस प्रकार थीं :

1. दारा शिकोह भवन और धरोहर के भागों में एक ध्वनि एवं प्रकाश कार्यक्रम की व्यवस्था
2. दारा शिकोह पर दास्तानगोई कार्यक्रम
3. दारा शिकोह भवन, कश्मीरी गेट में स्थल पर विरासत रंगमंचीय कार्यक्रम।
4. दिल्ली की 17वीं और 18वीं शताब्दियों की संगीत कलाएँ : एक श्रव्य सत्र।

दिल्ली मौखिक आख्यान परियोजना दिल्ली मौखिक आख्यान परियोजना नामक आइसीएसएसआर द्वारा वित्त पोषित एक परियोजना, सितंबर 2014 में शुरू की गई और इसमें अब तक शहर के 30 विस्तृत जीवन वृत्तांतों का संग्रह किया जा चुका है। उद्‌देश्य दो वर्षों के दौरान इतिहासों के 100 विस्तृत मौखिक आख्यानों का संग्रह करना है। इन्हें प्रकाशित भी किया जाएगा, और प्रकाशकों से वार्तालाप जारी है।

दिल्ली की आत्मा (स्पिरिट ऑफ देल्ही) ललित कला अकादमी द्वारा वित्त पोषित इस परियोजना शहर में ऐसे कार्यक्रमों का क्रियान्वयन सफलतापूर्वक किया है, जिसमें समुदाय की अधिक से अधिक सहभागिता हो। इस हेतु निम्नलिखित गतिविधियाँ शुरू की जा चुकी हैं अथवा प्रक्रियाधीन हैं :

1) दिल्ली फोटो स्मारक (देल्ही फोटो मेमॉरी) : सितंबर और अक्टूबर 2014 में रवींद्र भवन, मंडी हाउस में और तदनंतर जनवरी व फरवरी 2015 में एयूडी में प्रदर्शनी का आयोजन किया गया।

2) दिल्ली में बचपन पर दिल्ली की कहानी, बच्चों की जुबानी शीर्षक से चित्र कथाओं/ग्राफिक उपन्यासों के रूप में आख्यायिकाओं एवं कहानियों के एक संग्रह की रचना की जा रही है। यह कार्य बाह्य सलाहकारों की सहायता से एससीसीईई एवं एसडिज के छात्रों तथा अध्यापकों के साथ अभी जारी है।

3) हम सब निजामुद्‌दीन : स्थानीय इतिहास के प्रलेखन, प्रदर्शनियों और निजामुद्‌दीन में कार्यक्रमों के साथ इस वर्ष मुहल्ला संग्रहालय कार्यक्रम (नेबरहुड म्यूजियम्स प्रोग्राम) जारी रहा। समुदाय आधारित शोध, मौखिक आख्यायिका संग्रह और दृश्य इतिहास प्रलेखन का कार्य अक्टूबर 2014 में शुरू हुआ। इससे संबद्ध एक मुहल्ला प्रदर्शनी 18 अप्रैल 2015 शुरू की जानी है।

2. पूर्वोत्तर क्षेत्र

डॉक्यूमेंटेशन ऑफ कोन्याक कम्यूनिटी कल्चरल रिसोर्सेज (कोन्याक समुदाय सांस्कृतिक संसाधन प्रलेखन) एक धीमी शुरुआत के बाद, नगालैंड मोन स्थित कोन्याक धरोहर केंद्र (कोन्याक हेरिटेज सेंटर) में इस मूर्त और अमूर्त संग्रह को एकत्र करने में भारतीय मानव–विज्ञान सर्वेक्षण सहायता कर रहा है। स्थानीय व विस्तृत संपर्क कार्यक्रमों के आँकड़ा विश्लेषण और रूपरेखा निर्माण में सहायता के अतिरिक्त, सीसीके एवं पूर्वोत्तर मंच (नॉर्थ ईस्ट फोरम) सलाहकार की भूमिका निभाएँगे और संग्रह एवं प्रलेखन के लिए प्रशिक्षण कार्यशालाओं का आयोजन करेंगे। इस संदर्भ में, गुवाहाटी में फरवरी 2015 में प्रस्तुतकर्ता/सलाहकार के रूप में सीसीके और पूर्वोत्तर मंच के प्राध्यापक वर्ग के साथ एक परामर्श कार्यशाला का आयोजन किया गया।

पहली पूर्वोत्तर मंच शोध परियोजना श्रृंखला, ''मटिरियल कल्चर, क्रिएशन एंड यूज : पर्स्पेक्टिव फ्रॉम इनसाइड दि कम्यूनिटी,'' के फलस्वरूप एक शोध – ऑब्जेक्ट्स, आइडेंटिटीज, मीनिंग्स – के प्रकाशन पर सहमति बनी जो अभी निर्माण एवं मुद्रण के चरण में है। पूर्वोत्तर मंच विस्तृत सामाजिक–सांस्कृतिक परिवर्तनों के परिणामस्वरूप भौतिक संस्कृति में आए बदलावों पर अंतरंगी विचारों पर एक अनुवर्ती शोध श्रृंखला की योजना तैयार कर रहा है।

3. डिजिटल अभिलेखीकरण एवं संग्रहण कार्यक्रम

विश्वविद्यालय में निर्माणाधीन विभिन्न डिजिटल अभिलेखागारों के संग्रह (संचय) के रूप में अंबेडकर विश्वविद्यालय डिजिटल अभिलेखागार (एयूडीए) तैयार किया जा रहा है। मौजूदा संग्रह में निम्नलिखित परियोजनाएँ, अभिलेखागार आदि शामिल हैं :

एयूडी सांस्थानिक स्मृति परियोजना एयूडी द्वारा वित्त पोषित यह परियोजना (क) कार्यक्रमों एवं गतिविधियों के निरंतर प्रलेखन के लिए विश्वविद्यालय के भीतर क्षमता के विकास और (ख) संग्रहीत आँकड़ों के इंटरनेट पर एक अभिलेखागार (कार्यक्रमों और साक्षात्कारों की लिखित सामग्री और एवी अभिलेखन के जरिए), ज्यादातर खुली और कुछ सीमित सुविधा समेत, के सृजन का कार्य कर रही है।

विश्वविद्यालय के कार्यक्रम इंटरनेट के एक यूट्यूब चैनेल में उपलब्ध हैं जिन्हें देखा सकता है। लिखित सामग्री और साक्षात्कारों के विवरण आगे तकनीकी सलाहकारों और सूचना तकनीकी सेवाओं की सलाह से तैयार किए जा रहे एयूडी डिजिटल आर्काइव में

उपलब्ध कराए जाएँगे। संप्रति ऑफलाइन रहते हुए, अभिलेखागार विश्वविद्यालय के घटकों के लिए अपनी उपयोगिता सिद्ध कर रहा है।

लोतिका वरदराजन एथनॉलॉजिकल अभिलेखागार   इस अभिलेखागार की सामग्री में भारत भर के विभिन्न समुदायों की 1960 से 2010 तक की बुनाई एवं समुद्री यात्रा की परंपराओं का विवरण है। लोतिका वनर्जी द्वारा अनुदानित, इस अभिलेखागार को वर्ष 2013–14 में संस्कृति मंत्रालय से एक अनुदान प्राप्त हुआ। कार्य की संभावना को देखते हुए, वर्ष 2014–15 में इसे मुंबई स्थित वसंत जे शेठ संस्थान से एक और अनुदान प्राप्त हुआ। अभिलेखागार के लिए सामग्री का डिजिटलाइजेशन कार्य लगभग पूरा हो चुका है, और इंटरनेट अभिलेखागार के संग्रह एवं निर्माण की प्रक्रिया शुरू होनी है।

समाज विज्ञान शोध अभिलेखागार   समाज विज्ञान शोध अभिलेखागार के निर्माण हेतु एयूडी डिजिटल अभिलेखागार की सहायता से सीसीके ललित अध्ययनशाला (एसएलएस) के साथ कार्य कर रहा है। जैसा कि ऊपर उल्लेख किया गया है, प्रख्यात साहित्यकारों सज्जाद जहीर एवं अमृतलाल नागर के पहले दो संग्रह विचाराधीन हैं। कार्य का वित्त पोषण स्थिति दर स्थिति आधार पर किया जा रहा है, जिसमें एयूडी अमृतलाल नागर के डिजिटीकरण को वित्तीय सहायता दे रहा है और सज्जाद जहीर और भविष्य के अन्य एसएसआरए संग्रहों के डिजिटीकरण के वित्त पोषण हेतु टेक्सास विश्वविद्यालय (ऑस्टिन) एयूडी के साथ एक एमओयू तैयार करना चाहता है।

दैनिक जीवन का दिल्ली अभिलेखागार (दि देल्ही आर्काइव ऑफ एवरीडे लाइफ) इसमें दिल्ली वासियों से प्राप्त फोटो और लोक चित्र शामिल हैं, शहर के दैनिक जीवन का चित्रण करते हैं। इस सामग्री का अधिकांश दिल्ली आधारित विभिन्न कार्यक्रमों से और लाला नारायण प्रसाद जैसे फोटोग्राफरों से एकत्र की गई है। संप्रति, अभिलेखागार में दिल्ली शहर के अनुमानतः 1930 से 1980 तक के लगभग 500 डिजिटीकृत छाया चित्र हैं। एक तरफ जहाँ विभिन्न तरीकों से इन छायाचित्रों का प्रदर्शन किया जाता है, जैसे आइटीओ मेट्रो स्टेशन से शुरू, डीएमआरसी के मेट्रो स्टेशनों पर चित्र दीर्घाओं में प्रदर्शन, वहीं दूसरी ओर एयूडी डिजिटल अभिलेखागार के एक अंग के रूप में इंटरनेट पर इन छायाचित्रों के एक अभिलेखागार का निर्माण किया जाएगा।

यह जानने के लिए कि ज्ञान सृजन में योगदान हेतु आने वाले सार्वजनिक अभिलेखागारों का उपयोग कैसे किया जा सकता है, सीसीके विभिन्न विद्यालयों के शिक्षा जगत और ऑक्सफोर्ड संग्रहालय समूह, जिसमें ऑक्सफोर्ड नगर संग्रहालय और

ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में पिट रिवर्स संग्रहालय शामिल हैं, तथा ऑस्टिन स्थित टेक्सास विश्वविद्यालय की पुस्तकालय प्रणाली जैसी अन्य संस्थाओं में अभिलेखों के नए उपयोगों का पता लगा रहा है। आशा है कि एयूडी ऑनलाइन डिजिटल अभिलेखागाार वर्ष 2015 की गरमी में सार्वजनिक पटल पर आ जाएगा।

प्रस्तुतियाँ

मैथ्यूज, ए, यामीन, एफ, और एस सरकार (2015, जनवरी)। नैरेटिव्ज – हिस्ट्री, मेमॉरी एंड पेडैगोगी इन ए यूनिवर्सिटी सेटिंग। पत्र भारतीय मौखिक इतिहास संघ (ओरल हिस्ट्री एसोसिएशन ऑफ इंडिया/ओएचएआइ), मुंबई के दूसरे वार्षिक सम्मेलन में प्रस्तुत।

सरकार, एस (2014, जुलाई), दि सिटी ऐज ए क्रिएटिव रिसोर्स। पत्र सिंगापुर राष्ट्रीय विश्वविद्यालय में धरोहर एवं रूपांतरण पर एएएस–इन–एशिया सम्मेलन में क्रिएटिव कम्यूनिटीज वर्सस रीजेनरेशन पर अर्बन नॉलेज नेटवर्क एशिया पैनेल में प्रस्तुत।

सरकार, एस (2014, नवंबर), क्रॉसरोड्स फॉर एग्रिकल्चर ट्रेडिशंस इन इंडिया। पत्र फ्रांस के मर्सेलेस स्थित म्यूजियम ऑफ यूरोपियन एंड मेडिटरेनियन सिविलाइजेशंस में अंतरराष्ट्रीय कृषि संग्रहालय संघ (इंटरनेशनल एसोसिएशन ऑफ एग्रिकल्चर म्यूजियम्स) की 17वीं कांग्रेस (सीआइएमए 17) में प्रस्तुत।

सरकार, एस (2014, नवंबर), डीकोडिंग मटिरियल कल्चर – एराइविंग ऐट दि प्रोवनैंस ऑफ दि टेपिस मोघोल। पत्र सफरनामा प्रदर्शनी में कलमकारी वस्त्र पर प्रस्तुत।

कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ

क्षेत्र कार्य प्रणालियों और श्रव्य दृश्य प्रलेखन समेत पूर्व–क्षेत्र कार्य पर विभिन्न स्कूलों के छात्रों के लिए सीसीके ने विश्वविद्यालय कार्यशाला का संचालन किया।

बहुत से छात्रों को डिजिटीकरण एवं प्रलेखन व मेटाडेटा के टिप्पण लेखन कार्यों में प्रशिक्षण दिया गया है, इंस्टिट्यूशनल मेमॉरी एंड दि एथ्नोग्राफिक आर्काइव (सांस्थानिक स्मृति एवं एथ्नोग्राफिक अभिलेखागार) के निर्माण में सहायता करते हैं।

जैन, समीरा ने दिल्ली में संभावनाओं पर छात्र फिल्मों का प्रदर्शन किया (नवंबर 2014)

लांगे, डायना ने तिब्बती सांस्कृतिक धरोहर पर एक प्रस्तुति दी (अगस्त 2014)।

मणियन, रंजनी सांस्कृतिक उद्यम पर एक प्रस्तुति दी (मई 2014)।

नेद बर्त्ज, लोतिका वरदराजन और विजया वर्मा ने एयूडी में कार्टोग्राफिक प्रदर्शनी में वार्ता प्रस्तुत की (अप्रैल 2014)।

सरकार, सुरजीत और अनुष्का मैथ्यूज ने क्षेत्र में दृश्य श्रव्य विधियों पर क्षेत्र में डिजिटल कथा वाचन (एसयूएस का छठा सेमेस्टर वैकल्पिक) शीर्षक एक विशेष रुचि पाठ्यक्रम का आयोजन किया। इसका विकास दिल्ली विश्वविद्यालय के हिंदू कॉलेज की प्रख्यात मौखिक इतिहासविद, प्रोफेसर सुरूपा मुखर्जी के सहयोग से किया गया।

सदरलैंड, पैट्रिक ने वर्श 1993 से स्पीति की फोटोग्राफिक आख्यायिकाएँ प्रस्तुत कीं (दिसंबर 2014)।

राष्ट्रीय संग्रहालय, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी (आइएनएसए), आइसीएचआर एवं आइसीसीआर के सहयोग से सीसीके द्वारा क्रॉस कल्चर नॉलेज एक्सचेंज इन एंटिक्विटी पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन। सिल्क रोड के समानांतर कश्मीर से खोतान तक के चित्रों की एक समानांतर फोटो प्रदर्शनी आयोजन (5 से 7 जनवरी 2015)।

सहभागी देशों में द्विवार्षिक सम्मेलन के साथ, एंटिक्विटी में ज्ञान के आदान–प्रदान के अध्ययन हेतु एक अंतरराष्ट्रीय संस्था की योजना तैयार की जा रही है।

मैथ्यूज, अनुष्का और सुरजीत सरकार ने मदुरई में आइएनटीएसीएच आइसीएच प्रलेखन कार्यशाला में अमूर्त सांस्कृतिक सामग्री के संग्रह व प्रलेखन की प्रक्रिया पर एक एक–दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया (फरवरी 2015)।

एशिया में वर्ष 2016 में ''बिल्डिंग सिटी म्यूजियम्स (नगर संग्रहालय निर्माण)'' पर एक अंतरराष्ट्रीय कार्यशाला/गोलमेज के आयोजन की संभावनापर आईआएएस, लीदेन के साथ विमर्श जारी है।

आईसीएआर के साथ एक शोध परियोजना पर विमर्श जारी हैं, जिसमें आरंभ में आइसीएआर और अन्य संस्थाओं के साहित्यिक सर्वेक्षण के जरिए खेती में पारंपरिक ज्ञान के उपयोग की मौजूदा स्थिति की समीक्षा की जाएगी। आइएनटीएसीएच ने खेती में पारंपरिक प्रणालियों पर एक प्रदर्शनी पर चर्चा शुरू की है – खाद्य सुरक्षा : मौजूदा स्थिति और संभावनाएँ, वर्ष 2015–16 के लिए प्रस्तावित।

विकास प्रणाली केंद्र (सेंटर फॉर डिवेलपमेंट प्रैक्टिस (सीडीपी)

सीडीपी की कल्पना शोध, प्रलेखन, क्षमता–निर्माण और इस देश में विकास क्षेत्र के अभिकरणों के हितार्थ चिंतन–मनन के एक स्थल के रूप में की गई है। केंद्र विकास प्रणाली में एक एमफिल कार्यक्रम का संचालन भी करता है (एयूडी एवं विकास क्षेत्र का एक जानामाना अभिकरण पीआरएडीएएन (प्रदान) के सहयोग से), अपरीक्षित ''अंडरडिवेलपमेंट ऑफ दि रूरल'' और समान रूप से अपरीक्षित ''रॉयल रोड्स टु डिवेलपमेंट'' की जाँच कर और ग्रामीण संदर्भों में दस माह की निमग्नता–आधारित शिक्षा के माध्यम से ग्रामीण समुदायों के साथ संबंध कायम कर विकास क्षेत्र के अध्यवसायियों का एक समूह तैयार करना चाहता है, जिनमें ग्रामीण भारत में रूपांतरकारी सामाजिक कार्य आरंभ करने की क्षमता हो।

एमफिल विकास प्रणाली

वर्ष 2014–15 में 21 स्थानों पर नामांकन (9 छात्र एवं 12 छात्राएँ) हुए, किंतु आरक्षित कोटे के 4 स्थान रिक्त रह गए। केंद्र ने एमफिल विकास प्रणाली कार्यक्रम की एक मध्यावधि समीक्षा भी शुरू की है। समीक्षा की प्रक्रिया कार्यक्रम के स्थायित्व के प्रति एक यथार्थवादी सोच उत्पन्न करने और यह देखने के लिए शुरू की गई है कि कार्यक्रम अपने उद्देश्यों की पूर्ति किस हद तक कर रहा है।

नियोजन

वर्ष 2014–15 में, एमफिल विकास प्रणाली के छात्रों का पहला दल (अर्थात् 2012–13 का दल) पास हुआ। विकास क्षेत्रों में इन छात्रों का नियोजन विकास प्रणाली केंद्र की एक महत्वपूर्ण उपलब्धि रही और विकास क्षेत्र के संगठनों/संस्थानों से इसका संपर्क हुआ। केंद्र ने यह भी ध्यान में रखा कि उन्हें समुदाय के साथ जमीन स्तर पर काम करने का अवसर मिले। विभिन्न संस्थाओं से एमफिल के छात्रों के लिए कुल मिलाकर 43 प्रस्ताव आए और 21 में से 15 छात्र में शामिल हुए।

सहयोग

विश्व स्तर पर एक पहचान के साथ विकास प्रणाली विधा की समृद्धि और निर्माण हेतु केंद्र विभिन्न संस्थों से संपर्क और सहयोग कायम कर रहा है और इस दिशा में चार्ल्स स्टुअर्ट विश्वविद्यालय, वग्गा, वेस्टर्न सिडनी विश्वविद्यालय, पीआरएडीएएन (प्रदान), आईआईटी–दिल्ली के साथ उसने ''एडवांसिंग म्यूचुअल अंडरस्टैंडिंग एंड कोऑपरेशन फॉर रूरल डिवेलपमेंट : वर्चुअल सेंटर दैट ब्रिंग्स टुगेदर फार्मर्स, डिवेलपमेंट प्रैक्टिशनर्स, फिजिकल साइंटिस्ट्स एंड सोशल साइंटिस्ट्स फ्रॉम ऑस्ट्रेलिया एंड इंडिया'' परियोजना शुरू की है।

शोध परियोजनाएँ

''कास्ट एंड क्लास : नीड फॉर ए थियॉरेटिकल एंड इंपीरिकल री–इग्जैमिनेशन।'' आइसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित (25 लाख रुपये)। यह शोध देश में अपनी तरह का प्रायः शोध होगा, जिसमें जाति के मौजूदा वर्गीकरण और जाति क्रमों के प्रश्न के साथ अधिशेष श्रम केंद्रित शिक्षा और वर्ग के वर्गीकरण पर विचार किया जाएगा (इसे जाति का पुरातत्व कहा जा सकता है')। इसमें आर्थिक सिद्धांतों, सांस्कृतिक शोधों, राजनीतिक दर्शन और मनोविश्लेषण का समावेश किया जाएगा।

कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ

विकास क्षेत्र के अध्यवसायियों के लिए समर स्कूल (ग्रीष्म कालीन स्कूल) (चार 7–दिवसीय पाठ्यक्रम) का आयोजन–संचालन किया गया जिसमें विकास क्षेत्र के 19 अध्यवसायियों ने भाग लिया।

चौधरी, सौम्यव्रत ने बियांड प्रोटेक्टिव डिस्कलरेशन : अंबेडकर ऑन कन्वर्जन पर एक व्याख्यान दिया (नवंबर 2014)।

चौधरी, सौम्यव्रत अंबेडकर्स वर्ड्स : एलिमेंट्स ऑफ ए सेंटेंस–टु–कम पर एक व्याख्यान दिया (नवंबर 2014)।

मंदर, हर्ष ने रोहिणी घड़ियोक स्मारक भाषण (रोहिणी घडियोक मेमोरियल ओरेशन) में इंगेजिंग विद अनइक्वल इंडिया पर एक व्याख्यान दिया (अप्रैल 2014)।

मणिक्कम, नादराजा ने मेडिटेशंस ऑन कल्चर, कॉस्मोलॉजी एंड सस्टेनेबिलिटी इन एशिया पर एक व्याख्यान दिया (अक्टूर 2014)।

विश्व–भारती, शांतिनिकेतन में अर्थशास्त्र के प्रॉफेसर प्रणव कांति बसु ने ग्लोबलाइजेशन : एन एंटी टेक्स्ट – ए लोकल व्यू पर एक व्याख्यान दिया।

आरम्भिक बाल शिक्षा एवं विकास केंद्र (सीईसीईडी)

सीईसीईडी की कल्पना एक ऐसी संस्था के रूप में की गई है जिसमें सुव्यवस्थित एवं सर्वांगीण वैचारिक ढाँचे के भीतर शोध, राजनीति और आरमिक बाल शिक्षा एवं विकास केन्द्र (ईसीईडी) का समावेश हो। सीईसीईडी की सोच आरंभिक शिक्षा पर ध्यान के साथ विकास एवं संदर्भ की दृष्टि से समुचित एवं समावेशी ईसीईडी की सर्वांगी शिक्षा को बढ़ावा देना हैं। केंद्र का लक्ष्य हर बच्चे के जीवन के लिए ईसीईडी के माध्यम से एक ठोस आधार के अधिकार का समर्थन एवं प्रोत्साहन करते हुए सामाजिक न्याय और समानता के राष्ट्रीय लक्ष्यों में सहयोग करना है। केंद्र शोध, क्षमता निर्माण और समर्थन से ईसीईडी में साक्ष्य आधारित गुणवत्ता के प्रोत्साहन को अपना लक्ष्य मानता है।

अपनी शोध व मूल्यांकन; गुणवत्ता के प्रोत्साहन; और क्षमता निर्माण; तथा ईसीईडी के क्षेत्र में समर्थन एवं नेटवर्किंग के लिए सीईसीईडी ने वर्ष 2009 से, विभिन्न राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय अभिकरणों से सक्रियतापूर्वक धन जुटाया है। इसकी शुरू और पूरी की जा चुकी कतिपय शोध परियोजनाओं में संप्रति जारी देशांतर शोध इसका प्रधान शोध है, जिसमें स्कूल में प्रवेश योग्य बच्चों पर शिशु शिक्षा की गुणवत्ता के प्रभाव की खोज की गई है। केंद्र में, शैक्षिक अध्ययनशाला के सहयोग से क्षमता निर्माण में राज्यों को तकनीकी सहायता और आरम्भिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) में एमए के अध्यापन को शामिल किया गया है। केंद्र का वेब पोर्टल, ईसीईडी पॉलिसी ब्रीफ सीरिज, परिसंवाद और सम्मेलन साक्ष्य–आधारित समर्थन के लिए माध्यम के रूप में कार्य करते हैं।

शोध एवं मूल्यांकन

भारतीय प्रारम्भिक बाल शिक्षा प्रभाव (आईसीईआई) अध्ययन

यह 2010 में तीन राज्यों – राजस्थान, तेलंगना (पूर्व में आंध्र प्रदेश) और असम में शुरू किया गया एक देशांतर शोध है, जिसमें स्कूल में प्रवेश के स्तरों पर और तदनंतर बच्चों की स्कूल में भागीदारी और प्रदर्शन पर प्रारम्भिक बाल शिक्षा के तात्कालिक और मध्य–आवधिक प्रभाव पर शोध हो रहा है। पिछले वर्ष अध्ययन में स्कूल पूर्व चरण को पूरा कर लिया गया और अब 2014 में शोध के दूसरे चरण में प्रवेश कर चुका है। अध्ययन में 2323 युवा बच्चों के एक समूह का पता लगाया जा रहा है, जो शोध के आरंभ में 3½ से 4½ वर्ष के बीच की आयु के थे और संप्रति 6½ से 7½ वर्षों के बीच हैं। अध्ययन का संचालन सीईसीईडी, अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली और एएसईआर केंद्र भारत के सहयोग से किया जा रहा है, जिसमें आंध्र महिला सभा और एनआईपीसीसीडी, गुवाहाटी जैसे राज्य भागीदार हैं। यह एक महत्वपूर्ण अध्ययन है और इतने बड़े पैमाने पर दक्षिण एशियाई क्षेत्र में अपनी तरह का पहला अध्ययन है। इसलिए भारत में ईसीसीई में नीति के क्रियान्वय एवं पाठ्यक्रम के विकास के लिए इसके परिणामों के महत्वपूर्ण निहितार्थ होंगे। मध्य–आवधिक प्रभाव का मूल्यांकन करने हेतु प्राथमिक स्तरों में बच्चों के समूह का पता लगाने के बाद अध्ययन वर्ष 2016 तक जारी रहेगा। इसकी वित्तीय सहायता यूएनआईसीईएफ, चिल्ड्रेंस इनवेस्टमेंट फंड फाउंडेशन, विश्व बैंक, बर्नाड वान लीअर फाउंडेशन, सीएआरई (केयर) भारत, एसईआरपी, मानव संसाधन विकास और यूएनईएससीओ (यूनेस्को) द्वारा की गई है।

निर्धनों के लिए प्रारम्भिक बाल विकास पर एनआईएच अध्ययनः आनुपातिक प्रभाव

ओडिशा राज्य में जारी इस शोध के लिए सीईसीईडी ने येल विश्वविद्यालय को तकनीकी सहायता प्रदान की है। शोध की रूपरेखा यह देखने के लिए तैयार की गई है कि विभिन्न रूपात्मकताओं (देखभाल करने वालों को व्यक्तिगत सहायता और देखभाल करने वालों को सामूहिक सहायता) के जरिए आरंभ में दिया जाने वाली प्रेरणा किस प्रकार शिशु विकास के परिणामों पर प्रभाव डाल सकता है। यह एक बृहत स्तर का प्रयास है, जिसमें प्रयोग का यादृच्छिक निरीक्षण करते हुए सीईसीईडी ने

डॉ. सैली मैकग्रेगर ग्रैंथम द्वारा तैयार जमैकन पाठ्यक्रम से व्यक्तिगत शिशु प्रेरणा पैकेज को अपने अनुकूल बनाया है। इसमें ध्यान मुख्य रूप से मातापिता–शिशु अनुक्रिया की गुणवत्ता में सुधार लाने पर रखा जाता है। इस शोध की कल्पना दो चरणों में की गई है। कटक में 200 बच्चों के एक पाइलट शोध का संचालन किया गया। इस वर्ष से मुख्य शोध अध्ययन के अंतर्गत ओडिशा के तीन जिलों (बालासोर, बोलांगीर और सालेपुर) में 2000 बच्चों के लिए एक दो–वर्षीय प्रयास शुरू किया जाएगा।

कथा द्वारा दिल्ली के एमसीडी स्कूलों में अभियान, 'मुझे पढ़ना पसंद है', का प्रभाव मूल्यांकन

सीईसीईडी दिल्ली नगरपालिका (एमसीडी) के प्राथमिक स्कूलों में कथा द्वारा संचालित 'आई लव रीडिंग कैंपेन' (आईएलआर/मुझे पढ़ना पसंद है) के मूल्यांकन हेतु आमंत्रित किया गया। कथा ने अपना आईएलआर अभियान एमसीडी स्कूलों को एक ऐसे स्थल में रूपांतरित करने के लिए वर्ष 2008 में शुरू किया जहाँ बच्चे हँसते–खेलते एक दूसरे के साथ मिलकर पढ़ाई करें। इस अभियान का उद्देश्य कक्षा 1 से 5 तक के बच्चों में पढ़ाई और संख्या–ज्ञान में सुधार लाना भी है। मूल्यांकन का कार्य दो भागों में किया गया। पहले भाग (आधार–रेखा) का, उद्देश्य बच्चों के हिंदी और गणित के स्तरों की उपलब्धियों का मूल्यांकन और उन पर कक्षा की गुणवत्ता के प्रभाव का विश्लेषण करना था। 40 स्कूलों की कक्षा 2 और 4 के कुल 800 बच्चों का मूल्यांकन किया गया। दूसरे भाग में, उद्देश्य छात्रों की पढ़ाई के प्रति रुचि, पुस्तकों की सुविधा, कथा द्वारा प्रभावित कक्षाओं और नियमित कक्षा में उनकी गतिविधियों और अंततः कथा एवं एमसीडी शिक्षकों की तैयारी और अवबोधन का मूल्यांकन करना था। बच्चों के लिए इस अंतिम कार्य का संचालन वर्ष 2015 में किया जाएगा।

उद्गामी एवं आरंभिक साक्षरता पर आधार पत्र (स्टार्ट अर्ली : रीड इन टाइम प्रोजेक्ट)

भारत में, भाषा एवं साक्षरता विकास एक मुख्य सरोकार के रूप में उभर कर सामने आया है, यह देखते हुए कि बहुत से बच्चे प्राथमिक स्तर पूरा कर लेने पर भी पढ़ाई नहीं कर पाते। बीते दशक के दौरान, भारत ने स्कूलों में बच्चों के नामांकन में उल्लेखनीय सफलता प्राप्त की है। किंतु, बच्चों के प्रतिधारण पर उनकी आवश्यकताओं और क्षमता

को समझने तथा उनका पोषण करने में शिक्षा प्रणाली की अक्षमता का प्रभाव पड़ता है। इस समस्या के समाधान हेतु, सीएआरई (केयर) इंडिया के सहयोग से इसकी ''स्टार्ट अर्ली : रीड इन टाइम (यथासमय शुरू : समय पर पढ़ाई)'' परियोजना के एक अंग के रूप में सीईसीईडी ने एक टेक्निकल कोर ग्रुप (टीसीजी) का गठन किया है, जिसमें भाषा और साक्षरता में अभिरुचि रखने वाले विशेषज्ञों को शामिल किया गया है। इसका उद्देश्य आरंभिक स्तर की रणनीति एवं पद्धतियों का निर्माण करना है, जिनका सार्वजनिक स्कूली प्रणाली के एक अंग के रूप में प्रवर्तन किया जा सकता है। इस ग्रुप का एक हिस्सा आरंभिक भाषा एवं साक्षरता पर एक आधार पत्र भी तैयार करता है, जिसका उद्देश्य नीति निर्माताओं और शिक्षकों (अध्यवसायियों और अकादमिकों) को 3 से 8 वर्ष तक के बच्चों में भाषा एवं साक्षरता के विकास के क्षेत्र में सुस्पष्ट कार्यवाहियों के एक विन्यास का विकास, बीजीय सिद्धांतों पर साझा समझ या अवबोधन का निर्माण और शिक्षा प्रणालियों तथा पेशा जन्य विकास, समुदाय समावेश, नीति विकास एवं समर्थन का प्रतिपादन करने में सक्षम बनाना है।

जन्म से आठ वर्ष तक के बच्चों के लिए आरंभिक शिक्षा एवं विकास मापदंडों का निर्माण

यूएनआईसीईएफ (यूनिसेफ) एवं सीएआरई (केयर) इंडिया की सहायता से सीईसीईडी ''जन्म से आठ वर्ष तक के बच्चों के लिए डिवेलपिंग वैलिडेटेड अर्ली लर्निंग एंड डिवेलपमेंट स्टैंडर्ड्स (ईएलडीएस) फॉर चिल्ड्रेन फ्रॉम बर्थ टु एट ईयर्स)'' पर एक परियोना का संचालन कर रहा है। यह परियोजना ईसीसीई की राष्ट्रीय नीति (2013) के संदर्भ को देखते हुए और राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा को ध्यान में रखते हुए युवा बच्चों के लिए प्रावधानों की गुणवत्ता के उत्थान और मानकीकरण पर बल देती है।

(मस्तिष्कों की रक्षा; मानसिकताओं में बदलाव / सेविंग ब्रेन्स; चेंजिंग माइंडसेट्स) शीर्षक परियोजना का प्रभाव मूल्यांकन

सचल क्रेशों (शिशु सदनों) के लिए सीईसीईडी 'सेविंग ब्रेन्स; चेंजिग माइन्डसेट्स' शीर्षक परियोजना का संचालन कर रहा है। इस अध्ययन में निर्माण स्थलों पर युवा बच्चों एवं उनके परिवारों के लिए सचल क्रेशों द्वारा उनके डे केयर केंद्रों पर दी जा रही सेवाओं के प्रभाव की जाँच करने और गैर–सरकारी संगठनों द्वारा विकसित शिशु

कार्यक्रमों की गुणवत्ता पर इसके प्रभावों में वृद्धि की प्रक्रिया का प्रलेखन करने का प्रयास किया जा रहा है। परियोजना जनवरी 2015 में शुरू हुई और दिसंबर 2016 में पूरी होगी।

क्षमता निर्माण एवं गुणवत्ता उन्नयन

आरम्भिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) में एमए

शिशु देखभाल एवं शिक्षा (ईसीसीई) कार्यक्रम में एमए भारत में ऐसा पहला स्नातकोत्तर दो–वर्षीय मास्टर कार्यक्रम है जो एसईएस के सहयोग से चल रहा है। इसका निर्धारण दोहरे रूप में किया गया है जिसमें वैसे छात्रों के लिए प्रथम वर्ष के बाद इसे छोड़ देने का विकल्प है जो केवल डिप्लोमा प्राप्त करना चाहते हों। इस कार्यक्रम का प्रावधान सरकारी एवं निजी क्षेत्रों में और विदेशी कंपनियों में भी ईसीई अध्यवसायियों की माँग को देखते हुए किया गया है। यह कार्यक्रम सर रतन टाटा न्यास द्वारा वित्त पोषित है।

आरम्भिक शिशु देखभाल एवं विकास की राष्ट्रीय नीति के क्रियान्वयन हेतु रणनीति निर्माण की व्यवहार्यता का मूल्यांकन

राजस्थान एवं महाराष्ट्र में राष्ट्रीय शिशु देखभाल शिक्षा नीति के क्रियान्वयन की एक रणनीति के निर्माण हेतु सीईसीईडी एवं यूएनआइसीईएफ ने संयुक्त रूप से एक व्यवहार्यता मूल्यांकन का कार्य आरंभ किया है। यह परियोजना दिसंबर 2014 में शुरू हुई और वर्ष 2016 तक चलेगी।

आरम्भिक शिशु देखभाल एवं शिक्षा हेतु बंगाल को तकनीकी सहायता

ईसीई के मुख्य भागीदारों के क्षमता निर्माण हेतु ईसीई पर महिला एवं बाल विकास तथा समाज कल्याण विभाग को तकनीकी सहायता देने और नीति एवं प्रणाली में शोध अध्ययनों के परिणामों का समावेश करने के लिए सीईसीईडी वर्ष 2010 से पश्चिम बंगाल के यूनीसेफ के साथ कार्य कर रहा है। इस प्रक्रिया में (क) सदस्य के रूप में सीईसीईडी के साथ ईसीई पर एक राज्य स्तरीय कोर समिति का गठन (ख) राष्ट्रीय

पाठ्यचर्चा रूपरेखा के संदर्भ में पाठ्यचर्चा समीक्षा एवं रिक्तता का विश्लेषण और (ग) पाठ्यचर्चा रूपरेखा, आँगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्य–पुस्तिका की रूपरेखा और एक क्रियान्वयन नीति के निर्माण पर ध्यान शामिल हैं। इस परियोजना के वित्त की व्यवस्था पश्चिम बंगाल के यूनीसेफ की है। पश्चिम बंगाल की परियोजना और तदनंतर अन्य परियोजनाओं के परिणामों को बढ़ावा देने और साझा करने के ध्येय से, सीईसीईडी ने आरंभिक क्षेत्र में प्रशिक्षकों के लिए एक वेब पेज शुरू किया है जो एक ईसीई पोर्टल (*http://ecceportal.in*) है।

समर्थन एवं नेटवर्किंग

विकास की दृष्टि से समुचित शिशु देखभाल एवं आरंभिक शिक्षा में गति लाने के लिए सीईसीईडी अन्य संस्थानों के साथ शोध कार्यक्रमों का संचालन करता रहा है।

व्याख्यानों एवं कार्यक्रमों का आयोजन करने के अतिरिक्त, अपने वेब पोर्टल (*http://ecceportal.in*) की सहायता से सीईसीईडी क्लियरिंग हाउस, केंद्र व विश्व भर के वर्तमान शोध के प्रचार–प्रसार के लिए एक वाहक के रूप में भी कार्य करता है। सीईसीईडी अपनी वेबसाइट (*http://ecceportal.in*) पर अपने शोध एवं समर्थन परिणामों, क्षमता निर्माण कार्यों समय–समय पर समाचारों/कार्यक्रमों से जुड़ी सामग्री को निरंतर अद्यतन भी करता रहा है। अंततः सीईसीईडी ने सोशल मीडिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई है। इसे देखने वालों को सीईसीईडी के नवीनतम प्रकाशनों, त्रैमासिक कार्यक्रमों–घटनाओं और राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय सम्मेलनों की जानकारी नियमित रूप से मिलती रहती है।

प्रतिष्ठा/उपलब्धियाँ

वनिता कौल, इंस्टिट्यूट ऑफ मेडीसिन, इंस्टिट्यूट ऑफ मेडीसिन, नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ हेल्थ, वाशिंगटन डीसी द्वारा गठित ग्लोबल फोरम फॉर इन्वेस्टिंग इन दि यंग चाइल्ड, एशियन रीजन नेटवर्क फॉर अर्ली चाइल्डहुड (एआरएनईसी) की संचालन समिति की सदस्य और तमिल नाडु की राज्य ईसीसीई परिषद् में महापरिषद् की सदस्य।

दक्षिण दिल्ली नगर निगम (एसडीएमसी) ने अपने नर्सरी शिक्षकों के प्रशिक्षण का संचालन करने के लिए सीईसीईडी को आमंत्रित किया। 23 से 27 मार्च 2015 तक चले प्रशिक्षण कार्यक्रम में 36 शिक्षकों ने भाग लिया।

प्रस्तुतियाँ

भरगढ़, ए (2014 जुलाई), क्वॉलिटी वैरिएशंस इन ईसीई प्रॉविजन्स एंड इट्स इंपैक्ट ऑन स्कूल रेडिनेस लेवेल्स ग्लिम्प्सेज फ्रॉम थ्री स्टेट्स इन इंडिया। वाशिंगटन डीसी स्थित ग्रैंड हयात वाशिंगटन में अर्ली चाइल्डहुड पर आयोजित हेड स्टार्ट के 12वें (एचएसआरसी12) राष्ट्रीय शोध सम्मेलन ''इंटरनेशनल ईफर्ट्स फॉर चाइल्डहुड'' में पोस्टर प्रस्तुत।

——, (2014, अगस्त), डज क्वॉलिटी ऑफ ईसीई मैटर? सीईसीईडी, नई दिल्ली के सहयोग से यूएस नेशनल एकेडमी ऑफ साइंसेज (अमेरिकी राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी) के इन्वेस्टिंग इन यंग चिल्ड्रेन ग्लोबली ऐट दि बोर्ड ऑन चिल्ड्रेन, यूथ एंड फैमिलीज ऑफ दि इंस्टिट्यूट ऑफ मेडीसीन (आइओएम) और नेशनल रिसर्च काउंसिल (एनआरसी) के सम्मेलन में पोस्टर प्रस्तुत।

——, (2014, सितंबर), अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन क्वॉलिटी एसेसेमेंट स्केल (ईसीईक्यूएएस) टूल। सह–आयोजक यूएनआइसीईएफ एवं यूएनईएससीओ के साथ आइएसएसए (इंटरनेशनल स्टेप बाई स्टेप एसोसिएशन) में पत्र प्रस्तुत, वित्त पोषण : बर्नार्ड वैन लीअर फाउंडेशन।

शर्मा, एस (2014, सितंबर), रेडीनेस फॉर स्कूल : इंपैक्ट ऑफ ईसीई क्वॉलिटी। इदारा–ए–तलीम–ओ– आगाही (आइटीए) के सहयोग से कराची, पाकिस्तान में सिंध सरकार के ई एंड एलडी और रिफॉर्म सपोर्ट यूनिट (आरएसयू) में पत्र प्रस्तुत।

सिंह, एस (2014, दिसंबर), डिवेलपमेंटली एप्रोप्रिएट प्रैक्टिसेज फॉर अर्ली चाइल्डहुड करिकुलम। डीपीएस द्वारका के शिक्षकों के लिए कार्यशाला (20 दिसंबर 2014)।

सहयोग

चालू शैक्षिक वर्ष में, केंद्र ने निम्नलिखित संस्थाओं के साथ सहयोग किया है।

1. आगा खान फाउंडेशन (एकेएफ), नई दिल्ली
2. केयर इंडिया सॉल्युशंस फॉर सस्टेनेबल डिवेलपमेंट (सीआइएसएसडी), नई दिल्ली

3. चिल्ड्रेंस इन्वेस्टमेंट फंड फाउंडेशन (सीआइएफएफ), लंदन
4. मानव संसाधन विकास मंत्रालय (एएचआरडी), नई दिल्ली
5. मोबाइल क्रेशेज, नई दिल्ली
6. सर रतन टाटा ट्रस्ट (एसआरटीटी), मुंबई
7. विश्व बैंक, नई दिल्ली
8. संयुक्त राष्ट्र विश्व बाल आपात कोष (यूएनआइसीईएफ/यूनाइटेड नेशंस इंटरनेशनल चिल्ड्रेंस इमर्जेंसी फंड)
9. आंध्र महिला सभा (एएमएस), हैदराबाद
10. एएसईआर केंद्र, नई दिल्ली
11. येल विश्वविद्यालय, न्यू हेवेन, कनेक्टिकट, अमेरिका
12. आइओएम अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, वॉशिंगटन डीसी
13. क्षेत्रीय केंद्र : राश्ट्रीय सार्वजनिक सहकारिता एवं बाल विकास संस्थान (एनआइपीसीसीडी), गुवाहाटी
14. कथा नई दिल्ली

शोध परियोजनाएँ

1. दिल्ली के एमसीडी स्कूलों में मुझे पढ़ना पसंद है का प्रभाव मूल्यांकन।
2. निर्धन शिशु विकास – मापदंड पर प्रभाव – ओडिशा में एनआइएच अध्ययन।
3. दिल्ली में दिमाग बचाओ; मन बदलो(सेविंग ब्रेन्स; चेजिंग माइन्डसेट)
4. भारतीय आरम्भिक शिशु शिक्षा प्रभाव अध्ययन (इंडियन अर्ली चाइल्डहुड एजुकेशन इंपैक्ट स्टडी/आइईसीईआइ) – राजस्थान, असम और तेलंगना में देशांतर शोध अध्ययन।
5. दिल्ली में, बौद्धिक राष्ट्रीय पोषण सर्वेक्षण।
6. बहराइच, यूपी में ''बच्चों के लिए पढ़ो (रीड फॉर चिल्ड्रेन)'' पर मूल्यांकन परियोजना।

7. 13 राज्यों में शिशु (ईसीई) विकास में बेहतर शिक्षा परिणाम प्रणाली पद्धति (एसएबीईआर)।
8. 8 राज्यों में इसीसीई में उत्तम प्रणालियों के स्थिति अध्ययन।
9. ईसीसीई पर शैक्षिक कार्यक्रमों का विकास और आरंभ – ईसीसीई में मास्टर कार्यक्रम।
10. यथासमय शुरू : समय पर पढ़ाई परियोजना।
11. शिशु देखभाल एवं शिक्षा में संक्षेपण नीति का व्यवहार्यता मूल्यांकन – राजस्थान एवं महाराष्ट्र।
12. बच्चों के लिए प्रारम्भिक शिक्षा एवं विकास मापदंडों का निर्धारण।
13. यूएनआइसीईएफ (यूनिसेफ), बंगाल को तकनीकी सहायता।
14. सभी के लिए शिक्षा की वैश्विक निगरानी रिपोर्ट : सीईसीईडी द्वारा तैयार भारत की स्थिति।
15. विद्यालयी औत्सुक्य पर फिल्म।

कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ

एक साथ बैठने और उत्तम देखभाल के अनुभव साझा करने हेतु युवा माता–पिताओं के लिए गूगल प्लस हैंगआउट पर एक प्रतियोगिता का आयोजन किया गया (7 अक्टूबर 2014)।

14 जुलाई 2014 से 12 अक्टूबर 2014 तक एक जीवंत मीडिया अभियान का आयोजन किया गया। उन स्थलों पर प्रथम वर्ष प्रथम (एफवाइएफ) क्लिपों को फहराने के लिए लगभग 700 परदों का उपयोग किया गया, जहाँ माता–पिता और बच्चे बहुधा जाया करते हैं, जैसे रेस्त्राँ और अस्पताल के प्रतीक्षालय। इसका उद्‌देश्य उत्तम देखभाल प्रणालियों से जुड़े संवादों के संप्रेषण में 'कैप्टिव ऑडिएंस नेटवर्क' के प्रभाव का मूल्यांकन करना था।

जोआन लोंबार्डी ने ''अर्ली चाइल्डहुड 2014 : करेंट ट्रेंड्स एंड मूविंग फॉरवर्ड'' पर एक व्याख्यान प्रस्तुत किया (अगस्त 2014)।

प्रारम्भिक शिक्षा एवं विकास मापदंडों के संरचना–विन्यास का निर्माण करने हेतु सीईसीईडी द्वारा एक कार्यशाला का आयोजन किया गया (21–22 अक्टूबर 2014)।

सीईसीईडी के पाँच वर्ष पूरा होने के अवसर पर, इसकी टीम ने पाँचवीं वर्षगाँठ मनाई और इसमें मानेसर स्थित आमोद रिजॉर्ट में एक दो दिवसीय आनंद–अवकाश का आयोजन किया गया (4–5 नवंबर 2014)।

सीईसीईडी ने 2015 में नई दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में भाग लिया और अपने प्रकाशनों की प्रदर्शनी लगाई (14 से 22 फरवरी 2015)।

''चाइल्डहुड थ्रू दि एलईएनएस (लेंस) : डाइवर्स सेटिंग्स'' विषय पर 3 से 11 फरवरी 2015 तक एक परिसर छायाचित्र प्रतिस्पर्धा (कैंपस फोटोग्राफी कंटेस्ट) का आयोजन किया गया।

इंडिया इंटरनेशनल सेंटर में ''रिजर्वेशन फॉर इकॉनॉमिकली वीकर सेक्शन इन आरटीई सोशियो–इमोशनल चैलेंजेज एंड मिटिगेटिंग मेजर्स'' पर एक पैनेल परिचर्चा का आयोजन किया गया (26 फरवरी 2015)।

मनोचिकित्सा एवं नैदानिक शोध केंद्र (सीपीसीआर)

सीपीसीआर औपचारिक रूप से जुलाई 2013 में अस्तित्व में आया। केंद्र का आधार एक मनोविश्लेषक नैदानिक विन्यास है, जो आनुभविक दृष्टि से अवचेतन में विश्वास रखता है, संबंधों की देखभाल के महत्व और करुणा (संवेदना) के पोषण की नैतिकता में विश्वास रखता है। सीपीसीआर का लक्ष्य और उद्देश्य न्यून शुल्क के साथ गुणवत्तापूर्ण मनोवैज्ञानिक सेवाएँ विकसित करना और उपलब्ध कराना और भारतीय परिप्रेक्ष्य में मनोचिकित्सा की प्रणाली पर पुनर्विचार करना और मनोचिकित्सा एवं नैदानिक अध्ययन में एक गहन एमफिल कार्यक्रम के माध्यम से मनोविश्लेषी व समाज के प्रति संवेदनशील मनोचिकित्सकों को प्रशिक्षण देना है।

विश्वविद्यालय के भीतर कुछ खास उपेक्षित समुदायों (सफाई कर्मचारी और चतुर्थ वर्गीय कर्मचारी) के मनो–सामाजिक एवं संवेगात्मक जीवन को साथ जोड़ने के लिए एक

परियोजना शुरू की है। इसका उद्देश्य उन्हें उनके आंतरिक अनुभवों और अनुभूतियों को अभिव्यक्त करने के लिए एक मंच मुहैया कराना, इन बयानों को दर्ज करना और शोध के प्रयोजनों के लिए सार्थक विषयों को चुन लेना है।

एहसास – मनोचिकित्सा एवं सलाह निदान गृह

एहसास – मनोचिकित्सा एवं सलाह निदान गृह की स्थापना वर्ष 2011 में एसएचएस के द्वारा की गई। वर्ष 2013 में, मनोचिकित्सा एवं नैदानिक शोध केंद्र अस्तित्व में आया। एक सर्पी शुल्क संरचना के साथ–साथ, लोगों के कतिपय सामाजिक–आर्थिक यथार्थों का पोषण करने के लिए एहसास नगण्य शुल्क लेता और निःशुल्क परामर्श तथा मनश्चिकित्सा की व्यवस्था करता है। एहसास में वयस्क, किशोर, बाल एवं परिवार निदान गृह शामिल हैं।

निकट भविष्य में, एहसास मनो–नैदानिक और मनोवैज्ञानिक जाँच सेवाएँ उपलब्ध कराने की आशा रखता है। एक रेफरल सेवा के साथ एक संस्थागत मनोचिकित्सक की नियुक्ति प्रस्तावित है। एहसास में भावनात्मक व्यथा से ग्रस्त 300 से अधिक लोग आए हैं। एहसास ने परिवार में प्यार की कमी, अवांछित और अकेलेपन की भावना जैसी समस्याओं से ग्रस्त बच्चों के साथ भी काम किया है। ऐसे बच्चे भी आए हैं, जिन्हें कक्षा में सामंजस्य से जुड़ी समस्याओं, पढ़ाई में कठिनाई और साथियों और शिक्षकों के साथ संबद्ध समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

एहसास का कर्मचारी वर्ग विभिन्न चिकित्सकीय प्रारूपों के साथ काम करता है : दीर्घ–आवधिक मनोविश्लेषी मनोचिकित्सा, संकट समाधान का प्रयास, दिल्ली शहर के पिछड़े क्षेत्रों या पड़ोसी क्षेत्रों के वैसे मरीजों की माँग पर संक्षिप्त मनो–गतिशीलन मनश्चिकित्सा और सत्र, जिन्हें साप्ताहिक आधार पर मानसिक चिकित्सा की सुविधा नहीं मिल पाती।

एहसास ने भारतीय मनोविश्लेषी संस्था (इंडियन साइकोएनैलिटिक सोसाइटी), लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, तुलसी फाउंडेशन, मानसिक स्वास्थ्य एवं आचरणिक विज्ञान विभाग (फोर्टिस) की मनोविश्लेषण इकाई, राष्ट्रीय जन सहकारिता एवं बाल विकास

संस्थान (एनआइपीसीसीडी), समता अध्ययन केंद्र (सेंटर फॉर इक्विटी स्टडीज), अमन बिरादीरी, मल्टिपल स्क्लेरोसिस सोसाइटी, दिल्ली यूनाइटेड क्रिश्चियन स्कूल और उदयन केयर फाउंडेशन जैसी संस्थाओं से संपर्क कायम किया है। एमफिल मनोचिकित्सा एवं नैदानिक अध्ययन के छात्र इन स्थलों पर मनोचिकित्सकों, मनोविज्ञानियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं और शिशु देखभाल विशेषज्ञों से रोगी देखभाल एवं कार्य का प्रशिक्षण लेते हैं।

उपलब्धियाँ / प्रतिष्ठा / पुरस्कार

पैवम नूपुर ढींगरा को गुड़गाँव स्थित फोर्टिस अस्पताल द्वारा आयोजित दूसरे वार्षिक सुधीर कक्कड़ सम्मेलन (2015) – दि पैटर्नल इन कल्चर एंड साइकोएनैलिसिस में प्रस्तुत उनके शोध पत्र ''कीपिंग फादर इन माइंड'' के लिए सुधीर कक्कड़ पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

हक़, शिफा को राष्ट्रीय मनोविज्ञान अकादमी (नेशनल एकेडमी ऑफ साइकॉलॉजी) (एनएओपी), भारत के 24वें वार्षिक सम्मेलन में सर्वश्रेष्ठ पत्र पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

प्रस्तुतियाँ

हक़, एस (2014), मॉर्निंग दि 'डिसअपियर्ड' इन कश्मीर – सर्वाइविंग ट्रॉम थ्रू दि डायलेक्टिक्स बिटवीन लॉस एंड एबसेंस। पत्र राष्ट्रीय मनोविज्ञान अकादमी (एनएओपी), एनआइटीटीआर, भोपाल, भारत के 24वें वार्षिक सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया।

——, (2014), रिप्रेजेंटिंग एबसेंस – सर्वाइवर आर्ट इन कश्मीर थ्रू वर्क्स ऑफ मसूद हुसैन। पत्र भारतीय कला इतिहास कांग्रेस, राष्ट्रीय संग्रहालय संस्थान में प्रस्तुत।

——, (2015), सीता थ्रू दि टाइम वार्प – रिवाइजिंग दि टिक्लिश रिलेशन बिटवीन रिनन्सिएशन एंड मोरल नार्सिसिज्म इन दि लाइव्स ऑफ इंडियन वीमेन।

मसीह, एस (2015), दि सिरियसली मैड एंड स्ट्रेंजली डिवाइन इन शमन्स एंड सीकर्स – रिफ्लेक्शंस ऑन साइकोथिरैपी एंड एक्स्टॉर्सिज्म।

रॉय, ए (2015), इलस्ट्रेटिंग शेड्स ऑफ दि निगेटिव आइडेंटिटी इन इन्टिमेट हिंदू–मुस्लिम रिलेशनशिप्स थ्रू दि वर्क्स ऑफ सुधीर कक्कड़ एंड एरिक एरिक्सन।

ऊपर वर्णित तीन पत्र क्राइस्ट विश्वविद्यालय, बेंगलुरु के मनोविज्ञान विभाग द्वारा ''कल्चर एंड साइक : सुधीर कक्कर्स कंट्रिब्यूशन्स टु इंडियन कल्चरल साइकॉलॉजी एंड साइकोएनैलिसिस'' परिसंवाद में ''हिसेस, मिसेज एंड लोनलियर टोंस – म्यूजिंग्स ऑन इंडियन वूमनहुड थ्रू कक्कर्स वर्क'' संगोष्ठी में प्रस्तुत किए गए।

सिंह, आर (2015), दि जर्नी फ्रॉम स्कूल टु दि यूनिवर्सिटी : सम रिफ्लेक्शंस ऑन दि वर्क इन ए यूनिवर्सिटी क्लिनिक। पत्र लुसाने, स्विट्जरलैंड में चाइल्ड एंड एडोलेसेंट मेंटल हेल्थ इन एजुकेशन सेटिंग्स पर चौथे यूरोपीय सम्मेलन में प्रस्तुत किया गया।

कार्यक्रम एवं गतिविधियाँ

प्रोफेसर अशोक नागपाल द्वारा प्रथम सिगमंड फ्रायड स्मारक व्याख्यान – ''फ्रायड – ए रिलेशनल गुरु'' प्रस्तुत (मई 2014)।

विलियम एलनसन ह्वाइट इंस्टिट्यूट, न्यू यॉर्क के इंटरपर्सोनल साइकोएनैलिस्ट (अंतर्वैयक्तिक मनोविश्लेशक) गुरमीत कँवल ने क्लिनिकल वर्कशॉप्स एंड सुपरविजन – इंटरपर्सोनल एनैलिसिस का संचालन किया (अगस्त 2014)।

डॉ. बारी कँवल द्वारा वार्ता एवं परिचर्चा – ''कपल्स थिरैपी'' (अगस्त 2014)।

मनोविश्लेषक मनश्चिकित्सकों के लिए प्रोफेसर सुधीर कक्कड़ के साथ (नैदानिक कार्यशालाएँ) (सितंबर 2014)।

प्रथम भारतीय–जर्मन नैदानिक सम्मेलन (फर्स्ट इंडो–जर्मन क्लिनिकल कॉन्फ्रेंस) (सीपीसीआर, एयूडी एवं साइकोएनैलिसिस एंड साइकोथिरैपी, बर्लिन के बीच सहयोग) (अक्टूबर 2014)।

डॉ. झूमा बसाक द्वारा चोखेर बाली फिल्म का विश्लेषण (जनवरी 2015)।

डॉ. सलमान अख्तर द्वारा साइकिक पेन, बाइलिंगुअलिज्म एंड पोएट्री पर वार्ता (2015, जनवरी)।

विल्फ्रेड बायन के जीवन और विचार ए मेम्वॉयर ऑफ दि फ्यूचर पर कुमार शाहनी, मेग हैरिस विलियम्स और सलमान अख्तर द्वारा फिल्म प्रदर्शन एवं परिचर्चा (जनवरी 2015)।

सुधीर कक्कड़ द्वारा दिल्ली और ईरान के मनोविश्लेषक चिकित्सकों के लिए नैदानिक कार्यशाला और निरीक्षण (फरवरी 2015)।

डॉ. डायमंड अलीदिना द्वारा दि नेमसेक फिल्क का विश्लेषण (फरवरी 2015)।

फोर्टिस अस्पताल एवं सीपीसीआर द्वारा दूसरे वार्षिक मनोविश्लेषी सम्मेलन ''पैटर्नल इन साइकोएनैलिसिस'' का आयोजन (फरवरी 2015)।

सीपीसीआर एवं एसएचएस द्वारा ''आवाज'' – विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस (वर्ल्ड मेंटल हेल्थ डे) मनाया गया (अक्टूबर 2014)।

प्रकाशन केंद्र (सीएफपी) सीएफपी की स्थापना एयूडी के आरंभिक लक्ष्यों में से एक है। संभावनाओं की खोज करने, विचारों और मतों का पता लगाने की प्रक्रिया में एयूडी के भीतर कई अनौपचारिक मंत्रणा बैठकों के साथ–साथ औपचारिक मंत्रणा बैठकों का आयोजन किया गया जिनमें प्रकाशन क्षेत्र के अध्यवसायियों ने भाग लिया। एयूडी में एक प्रकाशन केंद्र की स्थापना की आवश्यकता और संभावना के मूल्यांकन और विचार–विमर्श हेतु वर्ष 2012 में एक अनुभवी विशेषज्ञ ने एक अध्ययन का आयोजन किया। एयूडी में अग्रलिखित दोहरे उद्देश्यों के साथ सीएफपी वर्ष 2013 में शुरू किया गया – (1) प्रकाशन कार्य शुरू करना और (2) प्रकाशन में शैक्षिक कार्यक्रमों का प्रावधान करना।

प्रकाशन के केन्द्र (सीएफपी)

सीएफपी सर्वोत्कृष्ट प्रणालियों और नैतिक मूल्यों का पालन करते हुए विद्वत्तापूर्ण एवं सृजनात्मक सूचना और ज्ञान का सुनियोजित अधिग्रहण और प्रचार–प्रसार करना चाहता है। इससे एयूडी को सहायता मिलेगी और उसके लिए समय–समय पर पत्रों, सम्मेलन की कार्यवाहियों, मोनोग्राफ, संपादित पुस्तकों, पाठ्य साम्रगी और संदर्भ ग्रंथों के साथ–साथ अकादमिक साहित्य का प्रकाशन सरल होगा। इस दिशा में एयूडी के भीतर प्राध्यापक वर्ग के सदस्यों और इसके सदस्य सचिव के रूप में श्री सी. सजीश कुमार, सीएफपी के साथ एक संपादन समिति का गठन किया गया है।

प्रकाशन उद्योग के लिए व्यवसायियों को तैयार करने की आवश्यकता के मद्देनजर, राष्ट्रीय पुस्तक न्यास (एनबीटी) के सहयोग से एयूडी ने वर्ष 2013 में प्रकाशन में एक एक–वर्षीय स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम शुरू किया, जिसका लक्ष्य प्रकाशन में करियर बनाने के इच्छुक पेशेवरों को प्रशिक्षण देना है। प्रकाशन के मुख्य क्षेत्रों में योगदान देने के अतिरिक्त, पीजीडीपी छात्रों को एक उद्यम के रूप में प्रकाशन के प्रबंधन से जुड़ी समस्याओं, कानूनी और नैतिक मुद्दों आदि से अवगत भी कराता है। प्रबंधकीय एवं प्रशासनिक पद्धतियों की शिक्षा देने के उद्देश्य के मद्देनजर और प्रकाशन को एक उद्यम के रूप में देखते हुए, कार्यक्रम की स्थापना एसबीपीपीएसई में की गई है। प्रकाशन में कार्यरत पेशेवरों के ज्ञान और कौशलों में सुधार लाने हेतु सीएफपी अल्प–आवधिक प्रशिक्षण और विकास कार्यक्रम भी चालू करना चाहता है।

अंतरराष्ट्रीय सहयोजन/ साझीदारियाँ

अंतरराष्ट्रीय साझीदारी एवं जन संपर्क विभाग विदेशी संस्थानों के साथ चालू अकादमिक सहयोगों की देखरेख, नए प्रस्तावों का निर्माण, अंतरराष्ट्रीय अतिथि अकादमिकों को प्रशासनिक सुविधा की व्यवस्था, संबद्ध प्राध्यापक वर्ग के साथ बैठकों का समन्वयन, अंतरराष्ट्रीय साझीदारी सलाहकार समिति (एसीआइपी) के साथ समय–समय पर बैठकों के संयोजन के अतिरिक्त विदेशी छात्रों/शिक्षकों को प्रस्थान से पहले एफआरआरओ पंजीकरण एवं निर्गम अनुमति समेत सहायता प्रदान करता है। यह समिति की अनुशंसा पर अनुवर्ती कार्यकलापों का निरीक्षण भी करता है।

इसके अतिरिक्त, छात्रों एवं प्राध्यापक वर्ग के अकादमिक हितों को ध्यान में रखते हुए वित्तीय सहायता के अवसरों की खोज और एयूडी वेबसाइट पर संबद्ध सूचना जारी करना, प्रायोजित शोध परियोजनाओं का पुनरीक्षण करना, समाचार माध्यमों को महत्वपूर्ण घटनाओं के पहले और बाद की सूचना देकर एयूडी के कार्यक्रमों और गतिविधियों को प्रकाशित करना, मीडिया कार्यालय के रूप में कार्य करते हुए, विभिन्न कार्यक्रमों के समाचार प्रकाशन के लिए एयूडी के प्राध्यापक वर्ग का मीडिया के साथ संपर्क की व्यवस्था करना और वेबसाइट कार्यबल (वेबसाइट टास्कफोर्स) के समन्वयक के रूप में बैठकों का आयोजन तथा एयूडी वेबसाइट की सामग्री का प्रबंध करना इस विभाग के कुछ अन्य कार्य हैं।

अंतरराष्ट्रीय संगठनों/संघों के साथ समझौता ज्ञापन

सदस्य, अर्बन नॉलेज नेटवर्क एशिया (यूकेएनए/शहरी ज्ञान तंत्र एशिया संघ) कंसोर्शियम अंतर–विश्वविद्यालय सहयोगी आदान–प्रदान : सदस्य संस्थानों के बीच प्राध्यापकों के अल्प–आवधिक आदान–प्रदान से शोध साझा करना।

सान फ्रांसिस्को राज्य विश्वविद्यालय पारस्परिक हित की शोध परियोजनाओं पर सहयोग; पाठ्यक्रम और अध्यापन पर विशेषज्ञता का आदान–प्रदान; संयुक्त परियोजनाओं के लिए संगोष्ठियों, परिसंवादों, सम्मेलनों का आयोजन करना; संयुक्त

सहयोगी परियोजनाओं को आगे बढ़ाने के लिए संसाधनों का परस्पर आदान–प्रदान; स्नातक एवं स्नातक छात्रों का आदान–प्रदान; शिक्षकों का आदान–प्रदान; संयुक्त शिक्षा कार्यक्रमों का विकास।

अमेरिकन इंडियन फाउंडेशन ट्रस्ट पाठ्यक्रमों की संरचना, शिक्षा एवं शोध तथा एयूडी के साथ विश्वविद्यालय आधारित स्टडी विदेशी साझेदारी कार्यक्रम के प्रबंध के लिए यूएचएम एसएसी के संचालन हेतु शिक्षकों के लिए शैक्षिक प्रक्रियाओं का संवर्धन।

नॉर्थम्पटन विश्वविद्यालय (इंग्लैंड) शैक्षिक आदान–प्रदानों और शिक्षण/शोध में शिक्षकों के सहयोग को बढ़ावा; छात्रों का आदान–प्रदान; शैक्षिक कार्यक्रमों की रूपरेखा एवं क्रियान्वयन।

बैंक स्ट्रीट कॉलेज ऑफ एजुकेशन (संयुक्त राज्य अमेरिका) परस्पर हित एवं लाभ की शोध परियोजनाओं पर सहयोग; पाठ्यचर्या और पेडागाजी विशेषज्ञता साझा करना, संगोष्ठियों, परिसंवादों, सम्मेलनों और संयुक्त परियोजनाओं का आयोजन करना; संयुक्त सहयोगी परियोजनाओं के लिए संसाधन का परस्पर आदान–प्रदान; छात्रों एवं शिक्षकों का आदान–प्रदान, संयुक्त शिक्षा कार्यक्रमों का विकास।

इरैस्मस विश्वविद्यालय रोटरडैम (हॉलैंड) द्वि–उपाधि कार्यक्रमों (एयूडी – आइएसएस मास्टर कार्यक्रम एवं विशेष सर्टिफिकेट कार्यक्रम); शिक्षक और/या शोध अध्येता का आदान–प्रदान।

नॉर्वेजियन इंस्टिट्यूट ऑफ इंटरनेशनल अफेयर्स (एनयूपीआइ) ''दि स्टेट, ग्लोबलाइजेशन एंड इंडस्ट्रियल डिवेलपमेंट इन इंडिया : दि पॉलिटिकल इकॉनॉमी ऑफ रेग्युलेशन एंड डिरेग्युलेशन'' का क्रियान्वयन।

येल विश्वविद्यालय ''अर्ली चाइल्डहुड डिवेलपमेंट फॉर दि पुअर : इंपैक्टिंग ऐट स्केल (एनआइएच स्टडी)'' 1) वैकल्पिक सेवा प्रावधान विधियों, पिछले छोटे प्रयासों के सापेक्ष उनकी प्रगति एवं प्रभावशीलता की जाँच करना; 2) उन तंत्रों की पहचान करना जो बाल विकास पर ईसीडी के प्रभाव का निर्धारण करते हों।

रॉयल कॉलेज ऑफ आर्ट अभिकल्प, संस्कृति एवं समाज पर स्नातकोत्तर शिक्षा की सर्वोत्तम प्रणालियों का विकास करना : सहयोगी, अंतर–सांस्कृतिक साझीदारी के जरिए पाठ्यचर्या, पेडागाजी एवं शिक्षण सामग्रियों का विकास करना।

यूरोपियन यूनियन (किंग्स कॉलेज लंदन; बोलोना विश्वविद्यालय) भारत में स्नातक शिक्षा की गुणत्ता, सुविधा और शासन (इ–क्यूयूएएल) का संवर्धन।

ब्रिटिश एकेडमी ब्रिटिश एकेडमी इंटरनेशनल पार्टनरशिप एंड मोबिलिटी (ब्रिटिश अकादमी अंतरराष्ट्रीय साझीदारी एवं गतिशीलन) योजना 2014–2017।

विदेशी प्रतिनिधिमंडलों के साथ बैठकें

युन्नान विश्वविद्यालय प्रोफेसर जियाओ जियान, श्री एंडी वांग एवं अन्य (25 अप्रैल 2014)।

अमेरिकी दूतावास सुश्री कैथेरीन ए कारो, नई दिल्ली स्थित अमेरिकी दूतावास में सांस्कृतिक अताशे, शिक्षा एवं विनिमय (14 जुलाई 2014)।

इंडियाना विश्वविद्यालय प्रोफेसरगण माईकेल मैकरॉबी, डेविड जैरेज, शॉन रीनॉल्ड्स एवं माइकेल एस डॉड्सन (31 अक्टूबर 2014)।

